*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.com
06 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 48

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नहीं रहे भारत की आजादी पर फ्रीडम ऐट मिडनाइट जैसी कालजयी कृति के लेखक डोमिनिक लैपियर



# गुजरात में भाजपा को बहुमत, हिमाचल में टक्कर और एमसीडी में आप भारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गुजरात विधानसभा के दूसरे फेज की वोटिंग सोमवार को खत्म हो गयी। अब 8 दिसंबर को गुजरात के साथ ही हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों का इंतजार है। अगले 72 घंटे में यह तय हो जायेगा कि इस बार दोनों राज्यों में भाजपा वापसी करेगी या फिर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) बाजी मार ले जायेगी। हालांकि इससे पहले सोमवार को आये एग्जिट पोल में गुजरात में 27 साल से सत्ता पर काबिज भाजपा रिकॉर्ड 7वीं बार सरकार बनाती दिख रही है। वहीं हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबले का अनुमान है। आप दांवों के मुताबिक कमाल करती नहीं दिखी, लेकिन दुनिया के सबसे बड़े निगम में से एक एमसीडी की सत्ता 15 साल बाद भाजपा के हाथ से फिसल कर आम आदमी पार्टी के हाथ में जाती दिख रही है।

**गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड 7वीं बार बहुमत :** तीन एग्जिट पोल के मुताबिक गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड 7वीं बार बहुमत की सरकार बनने का अनुमान है। भाजपा को 117 से 148 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा है। वहीं, 2017 के विधानसभा चुनाव




की बात करें तो भाजपा को तब 99 सीटें मिली थीं। यानी भाजपा अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर करती नजर आ रही है। इधर कांग्रेस को एक बार फिर झटका लगने का अनुमान है। कांग्रेस को तीन सर्वे में 30 से 51 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। पिछली बार कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं। वहीं आम आदमी पार्टी अपने दांवों के विपरीत प्रदर्शन करती नजर नहीं आ रही है। यहां पार्टी 3 से 13 सीट के साथ खाता खोलती जरूर नजर आ रही है।

**हिमाचल में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर :** एग्जिट पोल के मुताबिक पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है। पांच एजेंसी के सर्वे में भाजपा 32 से 40 के बीच यानी बहुमत के करीब दिख रही है, लेकिन कांग्रेस का भी आंकड़ा बहुमत को छूता नजर आ रहा है। पांचों सर्वे में कांग्रेस को भी 27 से 40 के बीच सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। यानी भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला लगभग बराबरी का है। वहीं आम आदमी पार्टी सिर्फ एक सर्वे में एक सीट लाती दिख रही है। एग्जिट पोल पर हिमाचल प्रदेश के सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि अधिकांश एक्जिट पोल में यह देखने को मिल रहा है कि हिमाचल में भाजपा सरकार बनने जा रही है। 1-2 जगह ऐसी हैं जहां कांटे की टक्कर दिखायी जा रही है। मुझे लगता है कि हमें 8 तारीख यानी नतीजों के दिन का इंतजार करना चाहिए।

**एमसीटी में पहली बार आप, 250 में से 146-171 सीटें जीतने का अनुमान :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के एग्जिट पोल आने शुरू हो गये हैं। शुरुआती रुझान में दुनिया के सबसे बड़े निगम में से एक एमसीडी की सत्ता 15 साल बाद भाजपा के हाथ से फिसलकर आम आदमी पार्टी (आप) के हाथ में जाती दिख रही है। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया और टाइम्स नाउ-इटीजी के एग्जिट पोल के मुताबिक एमसीडी में आप की सरकार भारी बहुमत से बनती दिख रही है। भाजपा दूसरे और कांग्रेस का करीब पूरी तरह से सफाया होता दिख रहा है।

# साहिबगंज के सदर डीएसपी को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

- रिम्स मेडिकल बोर्ड ने दी थी सीआइपी भेजने की सलाह
- मनोचिकित्सक करेंगे पंकज मिश्रा का इलाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज सदर डीएसपी राजेंद्र दुबे को आठ दिसंबर को पूछताछ के लिए इडी ने बुलाया है। सोमवार को जेल अधीक्षक से पूछताछ के बाद यह निर्णय लिया है। न्यायिक हिरासत में रहते हुए पंकज मिश्रा ने सबसे ज्यादा फोन कॉल सदर डीएसपी से की है। उनसे भी पूछताछ होगी। जेल में पंकज मिश्रा को विशेष सुविधा कैसे मिली हुई थी। इसका जवाब बिरसा मुंडा केंद्रीय नहीं दे पा रहे थे। अधिकांश सवालों का जवाब नहीं दिया है। उन्हें फिर बुलाया जा सकता है।

**काउंसिलिंग के बाद पंकज मिश्रा सीआइपी के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती :** इस बीच मनी लांड्रिंग और अवैध खनन मामले के आरोपी पंकज मिश्रा को रांची पुलिस ने केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआइपी) शिफ्ट कर दिया है। पंकज मिश्रा को सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर 12.30 बजे रिम्स के पेइंग वार्ड से सीआइपी शिफ्ट किया गया। यहां करीब 5 घंटे की काउंसिलिंग के बाद पंकज मिश्रा सीआइपी के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर एसके मुंडा की देखरेख में उनका इलाज होगा।

**मेडिकल बोर्ड ने दी सीआइपी शिफ्ट करने की सलाह :** रिम्स के मेडिकल बोर्ड ने पंकज मिश्रा को सीआइपी शिफ्ट करने की सलाह दी थी। मेडिकल बोर्ड की टीम पिछले सप्ताह पंकज मिश्रा को सीआइपी स्थित नशा मुक्ति केंद्र शिफ्ट करने की कोशिश की गयी थी, लेकिन विधायक प्रतिनिधि ने वहां जाने से मना कर दिया। पंकज को 30 जुलाई को रिम्स में भर्ती कराया गया था। उन्हें वहां से 30 नवंबर को ही छुट्टी दे दी थी। इसके बावजूद वह रिम्स में ही जमे रहे। सोमवार को पुलिस लाइन से अतिरिक्त जवानों को बुला कर पंकज मिश्रा को जबरन रिम्स के पेइंग वार्ड से सीआइपी ले जाया गया।

**रिम्स में लगता था दरबार :** बता दें कि रिम्स में भर्ती रहने के दौरान पंकज मिश्रा ने मोबाइल से लगभग 300 कॉल किये थे। इडी की जांच में यह खुलासा हुआ। ये कॉल झारखंड के वरीय अधिकारियों, अपने चहेतों और अन्य लोगों को किये गये थे। इडी इस फोन कॉल की जांच कर रही है और उन अधिकारियों से पूछताछ की संभावना है, जिनसे पंकज मिश्रा ने फोन पर बातचीत की थी। फोन पर ही कमिश्नर चंद्रमोहन कश्यप को पंकज मिश्रा ने निर्देश दिये थे। उसमें ज्यादा सवाल-जवाब नहीं करें। यही नहीं, रिम्म में पंकज मिश्रा अपने करीबियों के साथ दरबार भी सजा रहे थे, जिसकी जानकारी इडी को है।

## एएसआइ सरफुद्दीन ने इडी के सामने खोला राज

## बरहरवा के एसडीपीओ ने 24 घंटे में दी थी सुपरविजन रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरहरवा टोल प्लाजा मामले में व्यवसायी शंभू नंदन ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी के 24 घंटे के भीतर ही साहिबगंज पुलिस ने मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। जांच की निगरानी कर रहे डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने बिना किसी प्रारंभिक जांच और डिजिटल साक्ष्य के पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। प्रमोद मिश्रा बरहरवा के डीएसपी के पद पर तैनात थे और उनका नाम एएसआइ रूपा तिर्की मौत मामले में भी आया था। सोमवार को रांची इडी के ऑफिस में जांच अधिकारी और झारखंड पुलिस के एएसआइ सरफुद्दीन खान से पूछताछ की गयी। इसमें सरफुद्दीन खान ने बताया कि पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम के खिलाफ जांच बंद करने का फैसला उनके वरीय अधिकारियों का था। बीते 22 जून, 2020 को बरहरवा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अगले दिन मामले की निगरानी हुई और डीएसपी ने मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। शिकायतकर्ता के बयान और उनके द्वारा पेश किये गये सबूतों की जांच नहीं की गयी और उन पर भरोसा नहीं किया गया। इस पूछताछ के बाद इस बात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि अब इडी प्रमोद मिश्रा को पूछताछ के लिए तलब करे।

## 'मुख्यमंत्री जी अब भी चेतिये अधिकारियों पर कार्रवाई करें'




बाबूलाल मरांडी

जिस राज्य में हजारों मामले डीएसपी के सुपरवीजन की प्रतीक्षा में थानों में महीनों-सालों पड़े हैं, वहां साहिबगंज का एक डीएसपी हेमंत सोरेन जी के प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को केस से बचाने के लिये 24 घंटे के भीतर सुपरवीजन कर लेता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, क्या आप अब भी ऐसे अफसरों पर कार्रवाई नहीं करेंगे? गृह मंत्री की हैसियत से पुलिस की ऐसी अराजकता को रोकने की ज़िम्मेदारी से आप कैसे बच सकते हैं? अब भी चेतिये, खुद को बचाने के लिये ही सही, कुछ कीजिये वर्ना ऐसे सारे काले कारनामों की सजा आपको भी मिलेगी। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम पर 22 जून 2020 को केस हुआ, अगले दिन दोनों को पुलिस ने क्लीनचिट दे दी। झारखंड में दसं-दस साल से अनुसंधान लटकाये रखने वाले काबिल पुलिस अफसर, काश इतनी ही तेजी से आम लोगों से जुड़े केस में भी अनुसंधान करते तो कईयों का भला हो जाता। कुछ बेईमान-लूटेरे पुलिसवालों को हसेड़ी बना कर गंध मचाने वाले अपने गुर्गे को बचाने और विरोध में आवाज उठाने वालों लोगों को फंसाने की ऐसी ही जल्दबाजी एक दिन आपके गले की फांस बनेगी हेमंत सोरेन जी। मेरी इस बात को डायरी में नोट कर रख लीजियेगा, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां सबक लेगी। **(लेखक : भाजपा विधायक दल के नेता हैं।)**

## इडी ने केंद्रीय कारा के अधीक्षक से पूछताछ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर सोमवार को इडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। यहां इडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के आरोपित पंकज मिश्रा रिम्स के पेइंग वार्ड से फोन पर साहिबगंज के अधिकारियों से बात करने और अज्ञात लोगों से मिलने को लेकर इडी ने जेल अधीक्षक से पूछताछ की। पंकज मिश्रा इडी की न्यायिक हिरासत में हैं। उनका रिम्स में इलाज चल रहा था। इडी ने जेल अधीक्षक से यह भी पूछा है कि पंकज मिश्रा को रिम्स से डिस्चार्ज करने के बाद भी वह वहां कैसे जमे रहे। इसके अलावा यह भी जानना चाहा कि अधिवक्ता राजीव कुमार से जुड़े कैश कांड में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के वकालतना में गलत तरीके से एफिडेविट किया गया था या नहीं।



# बेटी रोहिणी ने लालू को दिया नया जीवनदान

## सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट सफल : हाथ हिलाकर किया अभिवादन

- एक घंटे चले ऑपरेशन के बाद होश आया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिंगापुर के अस्पताल में सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट सफल रहा। एक घंटे तक ये ऑपरेशन चला। लालू को उनकी बेटी रोहिणी ने किडनी डोनेट की। लालू से पहले रोहिणी का ऑपरेशन किया गया। फिलहाल दोनों आइसीयू में हैं। सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में लालू का ऑपरेशन हुआ।

**लालू ने हाथ हिलाकर किया अभिभावदन :** लालू यादव का हाथ हिलाकर अभिवादन करते वीडियो उनकी बड़ी बेटी मिसा भारती ने शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि हमारे लिए बहुत सुकून देनेवाला क्षण था, जब पापा से आइसीयू में थोड़ी देर के लिए मिलने की इजाजत मिली। पापा ने हाथ हिलाकर आप सब की शुभकामनाओं को वीडियो के माध्यम से स्वीकार किया और आभार व्यक्त किया।

### रोहिणी ने लिखा रेडी टु रॉक एंड रोल

खुद एमबीबीएस की डिग्रीधारी रोहिणी के तीन छोटे बच्चे हैं, उनके पति समरेश सिंह सिंगापुर में ही एवरकोर पार्टनर्स नाम की कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। ऑपरेशन से पहले रोहिणी ने लालू यादव के साथ फोटो ट्वीट की। लिखा कि रेडी टु रॉक एंड रोल। मेरे लिए इतना ही काफी है, आपकी खैरियत मेरी जिंदगी है।

### हमारी बेटियां ही कर सकती हैं ऐसा साहस

कोई अपनी किडनी अपने जर्जर हो चुके 75 साल के बूढ़े पिता को दे, यह साहस बेटियां ही कर सकती हैं। रोहिणी ने कहा कि पापा के लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं, मैं तो अभी सिर्फ अपने शरीर का मांस ही दे रही हूं। दरअसल बेटियों के रहते बेटे की चाहत में बच्चे पैदा करते लोगों के लिए भी यह एक सबक है। बेटी को पराई समझ लेना को मुर्खता से अधिक कुछ नहीं।

SURJABASHA

M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE
Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
◆ DMLT/ECG/X-RAY
◆ DRESSERS
◆ OPHTHALMIC ASST.
◆ OT ASSISTANT
Courses Offered:
GNM ANM
B.SC. Nursing
Post Basic
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082
6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com



ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी)
BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...

समस्या है तो.... समाधान भी है




आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring
KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 68,000 रु./प्रति किलो |



### राजनीति का अखाड़ा बना : एक बार फिर नये विवाद में फंसा है देश का नंबर-1 विश्वविद्यालय


# जेएनयू : यह पढ़ने-पढ़ाने की जगह है या विवादों का अड्डा

आजाद सिपाही विशेष

**देश का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय माना जानेवाला जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, यानी जेएनयू एक बार फिर विवादों में फंस गया है। यह पहली बार नहीं है कि जेएनयू विवादों में आया है। इससे पहले भी वामपंथी विचारधारा का गढ़ माना जाने वाला यह विश्वविद्यालय कई बार आतंकियों के समर्थन और जातिवादी नफरत फैलाने के कारण विवादों में रहा है। इस बार का विवाद जेएनयू के कैंपस की कई दीवारों पर ब्राह्मण-बनिया विरोधी नारे लिखने के बाद शुरू हुआ। इसके बाद कैंपस में तोड़-फोड़ की गयी और दीवारों पर 'ब्राह्मण कैंपस छोड़ो', 'ब्राह्मण भारत छोड़ो' और 'ब्राह्मण-बनिया, हम बदला लेंगे' जैसे नारे लिखे हुए दिखे। छात्रों ने दावा किया कि स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज बिल्डिंग की दीवारों पर इन दोनों समुदायों के खिलाफ नारे लिखे गये और दीवारों पर भी तोड़फोड़ की गयी। जेएनयू कैंपस में इससे पहले भी कई बार अभाविप और वामपंथियों के बीच विवाद होता रहा है। कई बार तो उनके बीच झड़पें भी होती रही हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह पढ़ने-पढ़ाने का स्थान है या विवादों का अड्डा। जिस शिक्षा के मंदिर में शिक्षा की अलख जगाने देश के कोने-कोने से विद्यार्थी आते हैं, वहां आखिर इतने विवाद क्यों होते रहते हैं। आखिर इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान को कुत्सित राजनीति का अखाड़ा क्यों बना दिया गया है। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गयी है कि आम लोग अपने बच्चों को जेएनयू में पढ़ने के लिए भेजने से कतराने लगे हैं। क्या है जेएनयू का विवाद और इस विवाद से जुड़े पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह




शिक्षा के इस मंदिर को नकारात्मक राजनीति से बचाना जरूरी

देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में शुमार दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) एक बार फिर विवादों के घेरे में है। इस विवि की दीवारों पर ब्राह्मण और बनिया समुदाय को निशाना बनाते हुए कुछ आपत्तिजनक नारे लिखे हुए पाये गये हैं। जेएनयू के स्कूल ऑफ लैंग्वेज, लिटरेचर एंड कल्चरल स्टडीज की दीवारों पर 'ब्राह्मणों भारत छोड़ो', 'ब्राह्मणों-बनियों, वीआर कमिंग फॉर यू', और 'वी विल अवेंज' जैसे जाति-विरोधी नारे लिखे गये। स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में 'देयर विल बी ब्लड', और 'ब्राह्मिंस लीव द कैंपस' जैसे नारे लिखे गये हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में इन जातिवादी नारों के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई का आदेश दिया है और डीन, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, ग्रीवांस कमेटी को जल्द से जल्द कुलपति को एक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

पूरी दुनिया जानती है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की गिनती देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में होती है। हालांकि पिछले कुछ सालों में यह प्रतिष्ठित संस्थान कई विवादों के चलते भी सुर्खियों में छाया रहा है। विश्वविद्यालय परिसर को वामपंथी राजनीति का गढ़ माना जाता है। इस विश्वविद्यालय में हाल के दिनों में कई विवाद हुए हैं। इनमें से कुछ प्रमुख विवाद इस प्रकार हैं-

### भाजपा नेता नूपुर शर्मा के मामले में विरोध-प्रदर्शन

जून 2022 में जब भाजपा की पूर्व नेता नूपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी के बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हिंसा हुई, तो हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद अहमद के घर को स्थानीय प्रशासन द्वारा गिरा दिया गया। जावेद अहमद की बेटी आफरीन फातिमा जेएनयू की पूर्व छात्र रह चुकी थी। अतः जुलाई 2022 में जेएनयू में इस कार्रवाई के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी की गयी। छात्र संघ, जेएनयूएसयू के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ 'स्टॉप टारगेटिंग मुस्लिम्स', 'स्टॉप बुलडोजर राज' जैसे कई नारे लगाये। यह मामला सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ।

### रामनवमी को लेकर कैंपस में झगड़े

इसी साल 10 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ और वामपंथी छात्र संगठनों के बीच परिसर में झड़प हो गयी। दरअसल, यह विवाद अभाविप द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में रामनवमी के अवसर पर मेस में मांसाहारी भोजन नहीं बनाने की मांग को लेकर हुआ। अभाविप ने एनएसयूआइ और वामपंथी छात्रों पर आरोप लगाया कि उन्हें रामनवमी पर पूजा करने से रोका जा रहा है। एक अभाविप कार्यकर्ता ने कहा कि वामपंथी छात्रों और एनएसयूआइ के कार्यकर्ताओं ने परिसर में पूजा के दौरान हंगामा किया। उन्हें रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रमों से समस्या है। इस झड़प में लगभग छह लोग घायल हो गये। यह मामला भी सोशल मीडिया पर बहुत चर्चा में बना रहा।

### दिल्ली दंगों से जुड़ा कनेक्शन

14 सितंबर, 2020 को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को दिल्ली दंगों को भड़काने के चलते गिरफ्तार किया गया था। दरअसल फरवरी 2020 में पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा हो गयी, जिसके कारण 53 लोगों की मौत हुई थी। दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि इन दंगों से पहले ताहिर हुसैन ने उमर खालिद और 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के खालिद सैफी से शाहीन बाग में सीएए विरोध प्रदर्शनों के दौरान मुलाकात की थी और उमर ने उन्हें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय दंगों के लिए तैयार रहने के लिए कहा था। उमर खालिद पर गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

20 जनवरी, 2020 को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और अन्य संगठनों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। विरोध प्रदर्शन के दौरान जेएनयू का पूर्व छात्र उमर खालिद भी मौजूद था और वहां इस सीएए अधिनियम के खिलाफ नारे लगाये गये। ये विरोध प्रदर्शन कई दिनों तक कैंपस में चले, जिसके चलते पढ़ाई भी प्रभावित हुई। इन विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी कई तस्वीरें उन दिनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुई थीं।

### अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पहुंची थीं जेएनयू, मचा हंगामा

7 जनवरी 2020 को सीएए-एनआरसी के विरोध में प्रदर्शन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जेएनयू परिसर में 5 जनवरी को हुई हिंसा के विरोध में छात्रों के साथ शामिल हुईं। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को छात्रों के साथ उस समय खड़े देखा गया, जब प्रदर्शनकारी आपत्तिजनक नारे लगा रहे थे। हालांकि, अभिनेत्री ने न तो कोई बयान जारी किया और न ही छात्रों को संबोधित किया। दीपिका के जेएनयू जाने पर सोशल मीडिया में हर तरह की प्रतिक्रिया दिखाई दी। दीपिका के अलावा डायरेक्टर अनुराग कश्यप और सिंगर विशाल ददलानी भी जेएनयू के उन प्रदर्शनों में शामिल हुए थे।

### कैंपस में हिंसा

5 जनवरी, 2020 को जेएनयू के कई हॉस्टलों में वामपंथी संगठनों से जुड़े छात्र-छात्राओं ने भारी उत्पात मचाते हुए हिंसा की और कई छात्रों पर हमला किया। इसके बाद उनके विरोधी पक्ष के छात्रों ने भी हिंसा की। जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) की अध्यक्ष आइशी घोष स्वयं हिंसा में भाग लेते हुए वीडियो में देखी गयी। हालांकि बाद में दोनों गुटों ने दावा किया कि बाहरी छात्रों ने जेएनयू में घुस कर हिंसा की थी। इस पूरे मामले में अभाविप, एनएसयूआइ और वामपंथी संगठन एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। उस समय कई वीडियो वायरल हुए थे, जिनमें छात्रों के एक समूह को अपने चेहरे को ढंके हुए देखा जा सकता था। वहीं कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा हिंसा में घायल होने के दावों के वीडियो देखकर सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें झूठा कह दिया।

### स्वामी विवेकानंद की मूर्ति को निशाना बनाया

जेएनयू परिसर में स्वामी विवेकानंद की एक प्रतिमा का अनावरण जनवरी, 2020 में होना था। मगर उससे पहले 14 नवंबर 2019 को उसे अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा के आगे बने चबूतरे पर भाजपा को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक शब्द लिखे गये। स्वामी विवेकानंद की ये प्रतिमा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक में स्थित थी।

### शुल्क बढ़ाने पर जबरदस्त हंगामा

12 नवंबर, 2019 को विश्वविद्यालय में शुल्क वृद्धि को लेकर वामपंथी छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। हंगामा और उत्पात इतना मचा कि परिसर में पुलिस को तैनात करना पड़ा। कई मौकों पर पुलिस और छात्रों के बीच भी तनातनी के मामले सामने आये। इन छात्र संगठनों ने 'हमें चाहिए आजादी कर्फ्यू से, ड्रेस कोड से' जैसे नारों के साथ कई दिनों तक विरोध प्रदर्शन किये।

### आतंकी अफजल गुरु और मकबूल भट्ट का समर्थन

9 फरवरी, 2016 को जेएनयू के वामपंथी छात्र संगठनों ने 2001 में संसद पर हुए हमले के दोषी अफजल गुरु और आतंकवादी मकबूल भट्ट को मिले मृत्युदंड के खिलाफ परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि कुछ छात्रों द्वारा प्रदर्शन के दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाये गये। परिसर में इस प्रकार के कार्यक्रमों को रोकने को लेकर अभाविप ने जेएनयू प्रशासन से मांग की। इसी बीच इन छात्र संगठनों में आपसी झड़प हो गयी। घटना के चार दिन बाद जेएनयूएसयू के तत्कालीन अध्यक्ष कन्हैया और उमर खालिद सहित कई अन्य छात्रों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

जेएनयू में इन ताजा विवादों के बीच यह समझ में नहीं आता है कि आखिर शिक्षा के इस पवित्र मंदिर को गंदी राजनीति का अखाड़ा क्यों और कैसे बना दिया गया है। जिस विश्वविद्यालय की डिग्री का दुनिया भर में डंका बजता है, उसके परिसर में इस तरह के विवादों से आखिर क्या संदेश निकलता है। इसलिए अब समय आ गया है कि गंदी राजनीति के इस अखाड़े को शिक्षा के मंदिर में बदला जाना चाहिए और इसके लिए हरसंभव कदम उठाये जाने चाहिए।

# इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर के खिलाफ पंकज मिश्रा की याचिका पर हुई सुनवाई, कोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची इडी कोर्ट ने इडी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की याचिका पर सुनवाई की। इडी कोर्ट ने 15 दिसंबर को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि पंकज मिश्रा ने रांची इडी की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। पंकज मिश्रा के अधिवक्ता ने बताया कि इडी के सहायक डायरेक्टर देव दत्त झा के खिलाफ याचिका दाखिल की गयी है। इसमें कहा गया है कि जिस मामले को आधार बना कर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी ने केस किया है, वह मामला बरहड़वा थाना कांड संख्या 85/20 है।




इसमें पुलिस ने मुकदमा खत्म कर दिया था, लेकिन इडी ने तथ्य छुपा कर पीसी दाखिल की है। पुलिसिया जांच में इस मामले में पंकज मिश्रा के अलावा मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष पाया गया था। साथ ही कहा कि कोर्ट ने भी पंकज मिश्रा के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया था, लेकिन इडी के सहायक डायरेक्टर ने इडी कोर्ट से यह जानकारी छिपायी है। पंकज मिश्रा 85/20 में अभियुक्त नहीं हैं। इसी कारण से पंकज मिश्रा ने केस दर्ज किया है।

उधर इडी की पूछताछ में सब इंस्पेक्टर ने बताया है कि इस मामले में वहां के डीएसपी ने एफआइआर होने के अगले दिन ही पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को क्लीन चिट दे दी थी। यहां गौर करनेवाली बात है कि इतने गंभीर मामले में एफआइआर दर्ज होने के अगले दिन बाद ही क्लीन चिट कैसे दे दी गयी।

# बिजली की कटौती का मामला पहुंचा हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में पावर कट का मामला झारखंड हाइकोर्ट की चौखट तक पहुंच गया है। राजधानी समेत झारखंड के अलग-अलग जिलों में बिजली की अव्यवस्था के खिलाफ हाइकोर्ट में पीआइएल दाखिल की गयी है। प्रार्थी सुनील कुमार महतो ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि बिजली विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच होनी चाहिए। याचिका में सेवानिवृत्त अधिकारियों के हाथ से विभाग की कमान वापस लेने की भी मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है



कि 12 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीद कर 6 रुपये में बेचने का गोरखधंधा चल रहा है, इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए। जनहित याचिका में एसीबी के साथ-साथ केंद्र सरकार, राज्य सरकार, विद्युत नियामक आयोग, संचरण एवं वितरण कंपनियों को प्रतिवादी बनाया गया है।

### अधिवक्ता राजीव कुमार इडी कोर्ट में पेश हुए

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अमित अग्रवाल की हुई पेशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार सोमवार को इडी कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनकी अगली उपस्थिति की अवधि 14 दिन के लिए बढ़ा दी। राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह इस मामले में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल करना चाहते हैं। वहीं व्यवसायी अमित अग्रवाल की पेशी इडी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। कोर्ट ने उनकी अगली पेशी की तिथि भी 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि इडी ने 13 अक्टूबर को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।



### जमानत पर हैं राजीव कुमार

कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से बीते 31 जुलाई की रात को अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। उसने दावा किया था कि उस समय उनके पास से पचास लाख रुपये बरामद हुए थे। उसके बाद से ही वह पहले कोलकाता की जेल में थे। बाद में उनके खिलाफ इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। 50 लाख बरामदगी मामले में राजीव कुमार को कोलकाता की निचली अदालत ने जमानत दे दी थी। उसके बाद उन्हें इडी की न्यायिक हिरासत में रांची जेल लाया गया। बाद में राजीव कुमार को इस मामले में हाइकोर्ट से जमानत मिल गयी। वहीं अमित अग्रवाल की जमानत याचिका नामंजूर करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने अमित अग्रवाल को इस मामले में षड्यंत्र को देखते हुए सीबीआइ जांच का आदेश दिया है। अमित अग्रवाल अभी होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं।

### झारखंड से बिहार, बंगाल, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के लिए मिलेगी सुविधा

# नयी एसी-डीलक्स बसों का होगा परिचालन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लगभग चार साल बाद नये मार्गों पर बसों के परमिट की स्वीकृति और नवीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होनेवाली है।

बिना परमिट वाले भी बसों को परमिट दिया जायेगा। परिवहन विभाग झारखंड ने राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक बुलायी है। इस बैठक में सभी पड़ोसी राज्यों, जिसमें बिहार-पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ से




संबंधित मार्गों पर नये परमिट की स्वीकृति, नवीकरण सहित अन्य मामलों पर विचार कर निर्णय लिया जायेगा। इस बैठक में विगत परिवहन प्राधिकार की बैठक में लिये गये निर्णयों पर भी चर्चा होगी। परिवहन विभागों की रिक्तियों का ब्योरा भी ऑनलाइन जारी किया है। साथ ही ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन भी लिया गया है। ऐसे में इस बैठक में यह उम्मीद जतायी जा रही है कि एक साथ सैकड़ों बसों के परमिट और समय-सारिणी जारी किये जायेंगे।

### इन प्रमाण पत्रों की होगी जरूरत

बस संचालकों से आवेदित वाहन का टैक्स, फिटनेस, गति नियंत्रक प्रमाण-पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, भारी वाहन चालक लाइसेंस, भूतपूर्व सैनिक एवं विकलांगता इत्यादि हो तो इसकी प्रति मांगी गयी है। एसी और डीलक्स बस एवं एसी होने का प्रमाण भी मांगा गया है। आवेदन के लिए 500 रुपये का शुल्क रखा गया है। स्वीकृत परमिट के मामले में परमिट शुल्क इत्यादि 30 दिनों के अंदर जमा कराने होंगे।

# हाइकोर्ट से छत्तीसगढ़ भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट ने उनके खिलाफ अगली सुनवाई तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने यह आदेश दिया है कि उनके खिलाफ किसी तरह की पीड़क कार्रवाई न की जाये। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। ब्रह्मानंद नेताम की ओर से



हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और कुमार हर्ष ने पक्ष रखते हुए अदालत में दलील दी कि इस केस में उनके मुवक्किल की कोई संलिप्तता नहीं है और न ही एफआइआर में उनका नाम है, फिर भी पुलिस उन्हें परेशान कर रही है। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घोषित किये गये ब्रह्मानंद नेताम पर गंभीर आरोप हैं। दरअसल ब्रह्मानंद जमशेदपुर की 15 साल की बच्ची से दुष्कर्म और देह व्यापार में धकेले जाने के केस के अभियुक्तों में से एक हैं। यह मामला साल 2019 का है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर विधानसभा के उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को गिरफ्तार करने झारखंड पुलिस पहुंची थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.8 °c | 11.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



**रोष : फुरकान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिल कर की शिकायत**

# कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की सूची में कोई अल्पसंख्यक नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों की नयी सूची रविवार को जारी की थी। इसके बाद से ही पार्टी में घमासान मच गया है। दरअसल, इस नयी सूची में प्रदेश के किसी भी जिला में अल्पसंख्यक समुदाय से जिला अध्यक्ष नहीं बनाया गया है। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सीधा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राज्य में पार्टी के मौजूदा हालात से अवगत कराया। कहा, जिस अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी राज्य में लगभग 18 फीसदी है, उस समुदाय को लगातार हाशिये पर धकेला जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण ज़िला अध्यक्षों की सूची है। उन्होंने बताया कि राज्य में गठबंधन की सरकार बनाने के लिए इस समुदाय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, लेकिन पार्टी की ओर से उन्हें निराश किया जा रहा है। वहीं, तमाम बातों को सुनने के बाद खड़गे ने इस पर संज्ञान लिया और आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा। कांग्रेस पार्टी में सभी समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

### कांग्रेस दलित और मुस्लिम विरोधी पार्टी के रूप में कार्य कर रही है : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने आरोप लगाया है कि झारखंड में कांग्रेस दलित और मुस्लिम विरोधी पार्टी के रूप में कार्य कर रही है। इसका उदाहरण है कि झारखंड में जिला अध्यक्षों के मनोनयन में एक भी मुस्लिम और दलित समाज के नेताओं को जगह नहीं दी गयी है। 24 जिलों में एक भी दलित या मुस्लिम समाज का चेहरा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीजेपी मार्ग पर चल रही है। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के अध्यक्ष ने सभी दलित, मुस्लिम कांग्रेस नेताओं से अपील की है कि वे कांग्रेस पार्टी से अविलंब इस्तीफा दें और झारखंड में कांग्रेस और बीजेपी मुक्त राज स्थापना में अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे आरपीएन सिंह की तर्ज पर काम कर रहे हैं। वह अपने स्वजातीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा जिला अध्यक्ष बनाने के काम में लगे हुए हैं। वह दलित, आदिवासी और मुस्लिमों की घोर उपेक्षा कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आरपीएन सिंह की तरह ही अविनाश पांडे भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। नायक ने कांग्रेस अध्यक्ष से यह मांग की है कि वे अविलंब झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के कार्यकलापों पर नजर रखें और उन्हें तत्काल झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के पद से हटायें। इसके साथ ही उनके द्वारा बनाये गये सभी जिला अध्यक्षों के मनोनयन को रद्द करें।

# पुलिस मुख्यालय ने लिपिक वरीयता सूची जारी की

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने लिपिक की वरीयता सूची जारी की है। इस सूची में उच्च वर्गीय लिपिक और निम्न वर्गीय लिपिक शामिल हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने झारखंड पुलिस अकादमी के निदेशक, जैप आइजी और सभी रेंज के डीआइजी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि लिपिक संवर्ग के कर्मियों की अंतिम वरीयता सूची प्रकाशित की जाये। उच्च वर्गीय लिपिक संवर्ग के कुल 89 कर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है, जबकि निम्न वर्गीय लिपिक संवर्ग के 249 कर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
दूरभाष : 0671-2367768-783, फैक्स : 0671-2367663
विज्ञापन संख्या : 37/SRF/2022-23
"चावल में कम फास्फोरस सहिष्णुता और नाइट्रोजन उपयोग दक्षता का पता लगाना और तैनात करना" (ईएपी-379)। योजना में भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक में एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो (SRF) के चयन के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 16.12.2022 को आयोजित किया जाना है। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि एवम् अन्य नियमों और शर्तों के बारे में विवरण एनआरआरआई वेबसाइट – https://icar-nrri.in. पर उपलब्ध हैं।
प्रमुख अन्वेषक

# एक आइएएस अधिकारी के कारण रद्द हो गयी थी हजारीबाग में होमगार्ड की बहाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**अधिकार ही नहीं था हजारीबाग डीसी को, निकाल दिया था रद्द करने का आदेश**

**तीन साल से परेशान हैं बेरोजगार, अब नये सिरे से रिजल्ट निकालने का आदेश**

**रांची।** झारखंड में अधिकांश नियुक्ति के मामले किसी न किसी कारणवश कोर्ट तक पहुंच ही जाते हैं। बड़ी मुश्किल से हजारीबाग में होमगार्ड की बहाली, जिसे नामांकन भी कहा जाता है, पूरा हुआ था। उस समय के तत्कालीन डीसी ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसका असर यह हुआ कि करीब 5000 बेरोजगार, जो इसमें शामिल हुए थे, अब भी परीक्षाफल का इंतजार कर रहे हैं। उनको न्याय नहीं मिल पाया है। गड़बड़ी क्या हुई? गड़बड़ी किसने की? इसे अभी तक साबित नहीं किया जा सका है। जबकि तीन साल गुजर गये। अब गृह विभाग की ओर से हजारीबाग के डीसी को 17 नवंबर को एक पत्र लिख कर नये सिरे से परीक्षाफल प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया है। इसमें एक सप्ताह का समय दिया गया था, वह भी बीत गया है। दो और रिमाइंडर भेजे गये थे। गृह विभाग के संयुक्त सचिव प्रदीप तिग्गा ने यह पत्र लिखा है।

## क्या है मामला

हजारीबाग में होमगार्ड की बहाली के लिए विज्ञापन संख्या 01/2019 के तहत इश्तेहार जारी किये गये थे। भारी संख्या में बेरोजगार युवकों ने इसमें आवेदन किया। सरकार की ओर से नियुक्ति के लिए एक कमेटी भी बनायी गयी। फिर अचानक तत्कालीन डीसी ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर यह आदेश निकाल दिया कि नियुक्ति की प्रक्रिया रद्द की जाती है, इसमें भारी गड़बड़ी हुई है। इसके बाद से ही इसमें पत्राचार चल रहा है।

**सरकार ने माना, डीसी को नहीं था रद्द करने का अधिकार**

विधानसभा में एक सवाल के जवाब में यह माना गया कि बहाली रद्द करने का अधिकार तत्कालीन डीसी को नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने रद्द तो कर दिया, लेकिन नया परीक्षा फल का प्रकाशन अब तक नहीं हो सका।

# पहली बार झारखंड में वितरित किये गये फॉरेस्ट स्वायल हेल्थ कार्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**पर्यावरण को बचाने के लिए कई सकारात्मक कदम उठाये जा रहे: एल ख्यांगते**

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने विश्व मृदा दिवस पर आयोजित सेमिनार को किया संबोधित**

**रांची।** आज हमारी पृथ्वी का भू-क्षरण एवं मृदा की उपजाऊ क्षमता का तेजी से ह्रास होता जा रहा है। साथ ही दिन ब दिन हरियाली कम होती जा रही है एवं उपजाऊ धरती सिकुड़ रही है। आज संपूर्ण विश्व धरती के इस मृदा अपरदन एवं बढ़ते मिट्टी कटाव से काफी चिंतित है।

झारखंड का वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भी धरती की इस विषम परिस्थिति से चिंतित है एवं सारी दुनिया के साथ इस भू-संरक्षण एवं मृदा संरक्षण हेतु जन-जागृति पैदा करने के लिये प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में पहली बार झारखंड में सभी वन प्रमंडल पदाधिकारियों को फॉरेस्ट स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया है। उक्त बातें वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहीं।

बता दें कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सोमवार को समान्य जन में जन-जागृति बढ़ाने हेतु बीएनआर चाणक्या होटल में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था।

इस मौके पर श्री ख्यांगते ने कहा कि विभाग द्वारा पर्यावरण को बचाने हेतु कई सकारात्मक कदम उठाये जा रहे है। बैठक में डॉ संजय श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह, दिक्षा प्रसाद, शैलजा सिंह, डॉ नितिन कुलकर्णी, अंजना तिर्की, सिद्धार्थ त्रिपाठी, विजय शंकर दुबे, डॉ अंशु माली, डॉ वीपी पांवर, अमरेश बिहारी झा, डॉ एन बाला तथा अन्य मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीबीएसइ स्कूलों में होगी इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता

**रांची।** जिले के सीबीएसइ स्कूलों में इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसमें चयनित छात्र 26 जनवरी को होनेवाले गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे। सीबीएसइ ने स्कूलों को निर्देश दिया कि 22 दिसंबर से पहले प्रतियोगिता का आयोजन करा लें। सीबीएसइ ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय यह बैंड प्रतियोगिता करा रहा है। शिक्षक विद्यार्थियों को इस बैंड प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। इससे छात्रों में अपने देश के प्रति प्यार जगेगा। यह बैंड प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की होगी, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता तीन स्तर पर होगी। स्कूल से चयनित छात्र राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उसके बाद देश स्तर पर सेमिफाइनल प्रतियोगिता होगी। सेमिफाइनल में चयनित छात्रों की फाइनल परीक्षा होगी। फाइनल में जाने वाले छात्रों को दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल में प्रदर्शन करने का मौका दिया जायेगा। स्कूल प्रतियोगिता के आयोजन का वीडियो बोर्ड को भेजने को कहा गया है। राष्ट्रीय स्तर की फाइनल प्रतियोगिता में आठ टीमों का चयन किया जायेगा। विजेताओं को नकद इनाम दिया जायेगा। प्रतियोगिता में राष्ट्र गान की धुन नहीं बजानी है। छात्रों को पूरे बैंड के परिधान में सज कर प्रतियोगिता में शामिल होना होगा।

# हर स्तर पर बाल संरक्षण की दिशा में संवेदनशीलता से कार्य जारी: राजेश्वरी बी

**बच्चों की देखभाल को प्रोत्साहित करने एवं बाल विवाह की रोकथाम विषय पर राज्यस्तरीय कार्यशाला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था एवं चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के तत्वावधान में सोमवार को बच्चों के परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करने एवं बाल विवाह की रोकथाम विषय पर एक राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला के दौरान राज्य में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बच्चों के परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित कर जमीनी स्तर पर ऐसी व्यवस्थाओं को स्थापित करने पर चर्चा हुई, जिससे बच्चों के परिवार से अनावश्यक अलगाव को रोका जा सके, जो बच्चे किसी कारण से बाल देखरेख संस्थानों में रह रहे हैं, उन्हें भी यथाशीघ्र अपने परिवार अथवा वैकल्पिक परिवार में पुनर्स्थापित किया जा सके।

कार्यशाला के दौरान आयोजित पैनल परिचर्चा में गैर-संस्थागत परिवार आधारित देखभाल के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी तथा इसे सुनिश्चित करने में विभिन्न हितधारकों के परस्पर समन्वय एवं समेकित प्रयास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला के दूसरे चरण में राज्य में बच्चों के अधिकारों के हनन से जुड़े एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे बाल विवाह पर चर्चा की गयी। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी द्वारा राज्य में बाल विवाह को एक गंभीर समस्या बताते हुए विभागीय स्तर पर विभिन्न हितधारकों के समन्वय से इसकी रोकथाम हेतु कार्ययोजना को मूर्त रूप देने की बात कही गयी। बाल विवाह की रोकथाम में शिक्षा के महत्त्व को स्वीकार करते हुए बच्चों के शिक्षा से जुड़ाव को सुनिश्चित कर उनके विद्यालय परित्याग की संभावनाओं को कम करने पर भी विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश्वरी बी द्वारा बताया गया कि बच्चों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह भी हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण का अनुभव करती हैं। उक्त कार्यशाला में प्रीति श्रीवास्तव, बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, तन्वी झा, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, सिनी, झारखंड के साथ-साथ झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के पदाधिकारीगण, विभिन्न जिलों के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य गण के साथ-साथ केन्द्रीय मनःचिकित्सा संस्थान, सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स, जेवियर समाज सेवा संस्थान एवं अन्य स्वयं -सेवी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

**विरोध : रिम्स प्रशासनिक भवन के बाहर भाजपा का एक दिवसीय धरना, कहा**

# कमीशन खोरी के चक्कर में रिम्स को किया जा रहा बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रिम्स की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर-जिला के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के बाहर एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। एक स्वर में नेताओं ने अस्पताल की खराब व्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। भाजपा नेताओं ने कहा कि तीन साल में सभी विभागों का बंटाधार तो हुआ ही है, गरीबों की लाइफ लाइन कही जाने वाली रिम्स अस्पताल की व्यवस्था भी खस्ता हो गयी है। लिफ्ट में मरीज की मौत हो जाती है।

**राज्य के सबसे प्रमुख अस्पताल रिम्स की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त : आदित्य साहू**

धरना पर बैठे राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में चौतरफा गिरावट हो रही है। राज्य के सबसे प्रमुख अस्पताल रिम्स की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है। उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी कमीशन खोरी में डूब चुके हैं। हमारी सरकार के कार्यकाल में जनता को जो सुविधा मिल रही थी, वह भी तीन वर्षों में खत्म हो गयी है।

कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि रिम्स की बदहाली का जिम्मेवार झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विभाग के उच्च अधिकारी और रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद हैं। यही लोग मिल कर अव्यवस्था फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिम्स की व्यवस्था सुधार को लेकर शासी परिषद की बैठक में एजेंडा रखते हैं, लेकिन शासी परिषद के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री सभी एजेंडा को विलुप्त कर देते हैं। मंत्री का ध्यान सिर्फ बिल्डिंग बनाने और मशीन लगाने तक सिमट कर रह गया है।

**रिम्स निदेशक को पद्मश्री की जगह गोबर श्री मिलना चाहिए था : सीपी सिंह**

रिम्स की लचर व्यवस्था को लेकर बीते दिनों हाइकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए निदेशक से कहा था कि अगर आपसे काम नहीं संभल रहा है तो इस्तीफा दे दीजिए। इसी को लेकर सोमवार को भाजपा नेताओं ने भी एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने जमकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने निदेशक कामेश्वर प्रसाद के भवन की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस भवन नाम उल्लू का पट्ठा भवन होना चाहिए, कौन हैं वो लोग जिन्होंने इनको पद्मश्री दे दिया। इनको तो गोबर श्री से नवाजा जाना चाहिए। अगर इनसे काम नहीं होता है या इनमें थोड़ी भी शर्म बची है तो तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। मुझे तो शक है कि जब इस अस्पताल की व्यवस्था इतनी खराब है तो यहां आने वाले बच्चे क्या पढ़कर जाते होंगे या क्या सीखते होंगे इसके तो भगवान ही मालिक है। यह सब कुछ सरकार के संरक्षण में हो रहा है। हेमंत सरकार ने रिम्स प्रबंधन को मनमानी करने की छूट दे रखी है।

## ये रहे मौजूद

प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, कांके विधायक समरी लाल, प्रदेश भाजपा के सचिव सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मुनचुन राय, सीमा शर्मा, केके गुप्ता, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# 6000 करोड़ में बनेगा रांची आउटर रिंग रोड

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में जल्द ही विश्व स्तरीय आउटर रिंग रोड का निर्माण शुरू होगा। छह लेन में बनने वाले आउटर रिंग रोड की लंबाई करीब 200 किलोमीटर होगी। पथ निर्माण विभाग ने इसका एलाइनमेंट तैयार कर लिया है। इसमें फ्लाईओवर और ब्रिज का भी निर्माण होगा। भारी वाहनों के खड़े होने के लिए सर्विस लेन भी होगी। आउटर रिंग रोड से पांच नेशनल हाइवे को जोड़ने की योजना है। आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए केंद्र सरकार पहले ही सहमति दे चुकी है। एनएच 57 मांडर के उकरीद से रिंग रोड बनना शुरू होगा, फिर इटकी, कालामाटी, नामकुम-अनगड़ा होते हुए यह एनएच 33 के ओरमांझी में टोल गेट के पास से गुजरेगा। आगे जाकर कांके से गुजरते हुए यह वापस मांडर में मिल जायेगा।

आउटर रिंग रोड के सर्किल में पूरी राजधानी कवर हो जायेगी। पथ निर्माण विभाग ने आउटर रिंग रोड के निर्माण में करीब 6000 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन किया गया है। फिलहाल, आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए कंसलटेंट का चयन किया जा रहा है। इसके बाद टेंडर खुलेगा। सड़क निर्माण कार्य एनएच से कराया जायेगा। आउटर रिंग रोड के लिए जमीन का भी अधिग्रहण जल्द शुरू होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# पहाड़ी मंदिर में लगे पोल पर बड़ा और भव्य त्रिशूल लगायें: संजय सेठ

## सांसद संजय सेठ ने उपायुक्त को लिखा पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी मंदिर रांची में लगे हुए पोल पर बड़ा और भव्य त्रिशूल लगाने का प्रस्ताव देते हुए सांसद संजय सेठ ने रांची के उपायुक्त को पत्र लिखा है। उपायुक्त को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि पहाड़ी मंदिर, रांची झारखंड सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। पहाड़ी बाबा को हम सब अपना अभिभावक मानते हैं। यह स्थल भगवान शिव का स्वयं सिद्ध स्थल है। सांसद ने कहा है कि अवगत कराना है कि वर्ष 2016 में यहां विश्व का सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया गया था लेकिन किन्हीं कारणों से यह फलीभूत नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर तिरंगा लगाया गया था, वहां अब सिर्फ पोल खड़ा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि उक्त पोल पर एक विशाल त्रिशूल लगाया जाये, जो भगवान शिव के दर्शन का प्रतीक बने। यह त्रिशूल विश्व का सबसे ऊंचा त्रिशूल भी होगा। श्रद्धालु त्रिशूल के दर्शन कर सकेंगे और यह पहाड़ी मंदिर को नया आकर्षण प्रदान करेगा।

## रिसालदार बाबा पर चादरपोशी

# लालू के जल्द स्वस्थ होने की मांगी गयी दुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का सिंगापुर में सफलातापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। वहीं बिहार-झारखंड में लालू के चाहने वालों ने उनके बेहतर स्वास्थ को लेकर दुआ की है। डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा की मजार शरीफ पर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए चादरपोशी की गयी। लालू के स्वास्थ्य के लिए सामूहिक रूप से दुआ की गयी। चादरपोशी कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजद के पुराने समर्पित नेताओं के साथ झारखंड में गठबंधन में शामिल नेता मौजूद रहे। चादरपोशी के बाद शहर के काजी मौलाना सैयद मसूद फरीदी ने सामूहिक रूप से लालू यादव के स्वास्थ्य के लिए दुआ की। मो इसलाम, मनोज पांडेय, राजेश यादव (वरीय उपाध्यक्ष राजद), शौकत अंसारी, गायत्री देवी, मोहन प्रसाद, अब्दुल मन्नान, जेएमएम के आजम अहमद, लाडले खान, आफताब आलम, फिरोज अंसारी, सुहैल खान, शमीम कुरैशी, मुन्ना भाई, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, चिश्तिया वेलफेयर फाउंडेशन के इश्तेयाक अहमद, मो साबिर, महबूब सहित अन्य थे।

# जिला अस्पताल प्रबंधन समिति की हुई बैठक

## विभिन्न एजेंडों को दी गयी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के जिला अस्पताल प्रबंधन समिति (गवर्निंग बॉडी) की बैठक सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। समिति की ओर से पिछली गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिये गये निर्णयों की हुई समीक्षा करते हुए विभिन्न एजेंडा पर विचार विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सदर अस्पताल में सिंगल-डबल रुम, पैथोलॉजिकल और अन्य दरों पर संशोधन के लिए विचार विमर्श करते हुए समिति की ओर से स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में मेडिकल शॉप को लेकर भी चर्चा की गयी। समिति की ओर से आवश्यक मैन पावर आउटसोर्सिंग करने की बात कही गयी। बैठक में विधायक सीपी सिंह, सिविल सर्जन, निदेशक रिम्स, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी-1 रांची, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला अस्पताल प्रबंधक, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## प्रदेश कार्यालय में राजद की बैठक

# चुनाव की तैयारी में लग जायें, संगठन को मजबूत करें : संजय सिंह यादव

## राज्य सरकार राजद के साथ सौतेला व्यवहार ना करे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पार्टी को पंचायत, प्रखंड, जिला से लेकर पूरे झारखंड में मजबूत करना है। एक-एक नेता, कार्यकर्ता से अनुरोध है कि संगठन को मजबूत करने में हमारे नेता लालू प्रसाद यादव की नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाना है। गरीबों के दुख-सुख में घर-घर जाकर उनकी समस्याओं को जानना है तथा अपने स्तर से उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करना है। यादव सोमवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सिंगापुर से लौटने के बाद झारखंड में जिला वार कार्यक्रम तय होगा। लालू प्रसाद यादव ने हम सभी को निर्देश दिया है कि संगठन से ऊपर भी मॉनिटरिंग कमेटी रहेगी। केंद्र सरकार के गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ राजद प्रखंड स्तर पर आंदोलन करने का काम करेगा। झारखंड के महागठबंधन में राजद भी शामिल है। सभी नेताओं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि अभी से ही चुनाव की तैयारी में लग जायें और संगठन को मजबूत करें। मौके पर प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि हम गठबंधन के साथी है हमें भी अपना अधिकार मिलना चाहिए। सरकार राजद के संगठन को वैल्यू नहीं दे रही है, सरकार को सुझाव है कि राजद के साथ सौतेला व्यवहार ना करे।

# दूसरी बार जदयू की कमान ललन सिंह के हाथ में

## राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी अनिल हेगड़े ने निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हो गये हैं। दो दिन पूर्व दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यालय में इस पद पर उनका नामांकन हुआ था। सोमवार 5 दिसंबर को स्क्रूटनी का कार्य पूर्ण होने के बाद जदयू के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी व राजसभा सांसद अनिल हेगड़े ने ललन सिंह के दुबारा निर्विरोध निर्वाचित किये जाने की घोषणा की। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह विधान पार्षद अफाक अहमद ने बताया कि अनिल हेगड़े द्वारा ललन सिंह के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर देने के साथ ही पार्टी का चुनाव कार्यक्रम पूर्ण हो चुका है। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन पर जदयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में मुहर लगेगी। पार्टी ने 10 दिसंबर को पटना के जदयू मुख्यालय स्थित कर्पूरी ठाकुर सभागार में राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलायी है। राष्ट्रीय परिषद के निर्वाचित सदस्यों की संख्या 187 है। इसके अलावा भी कुछ विशेष आमंत्रित सदस्य इस बैठक में शिरकत करेंगे। वहीं 11 दिसंबर को पटना के ही श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में जदयू का खुला अधिवेशन होगा। जदयू के नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये ललन सिंह के अलावा कई शीर्ष नेता इन दोनों ही बैठकों को संबोधित करेंगे।

# कोरोना के दौरान वर्चुअल लैब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी : प्रो गोपाल पाठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर साइंस के द्वारा वर्चुअल लैब टॉपिक पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन बीके बिरला ऑडिटोरियम में किया गया।

इस वर्कशॉप में रिसोर्स पर्सन के रूप में आइआइटी दिल्ली के सीनियर फील्ड इंजीनियर सह मेंटर वर्चुअल लैब प्रतीक शर्मा ने व्याख्यान दिया। उन्होंने वर्चुअल लैब की आवश्यकता, उनकी मुख्य विशेषताओं, प्रेरणा, उद्देश्यों, उनके प्रकारों, उपयोगकर्ता एवं इसके व्यापक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने वर्चुअल लैब के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान वर्चुअल लैब एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभर कर सामने आयी है। उन्होंने कहा कि वर्चुअल लैब के माध्यम से सेल्फ लर्निंग में काफी सहायता मिलती है। आने वाले समय में सभी पाठ्यक्रमों में प्रयोगशालात्मक ज्ञान और अनुभव के बीच हाइब्रिड मोड से काफी कुछ सीखने एवं समझने का अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंस के डीन प्रोफेसर श्रीधर बी दंडिन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना है। थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज का होना भी उतना ही आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस की सहायक प्राध्यापिका डॉ मनोरमा पटनायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के सहायक प्राध्यापक प्रो चंदन कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीटेक, एमटेक, बीसीए, बीएससी मैथ, डिप्लोमा के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ पार्थ पॉल, डॉ नित्या गर्ग, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ संजीव कुमार, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ अमृता सरकार, डॉ मेघा सिन्हा, प्रो मोतोशी शाहा, डॉ वी एन लक्ष्मी दुर्गा, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ आनंद कुमार, डॉ दीपक प्रसाद, डॉ संतोष कुमार दास, डॉ प्रकाश आनंद, डॉ बी सामंता, प्रो राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

# हाइकोर्ट ने चांडिल डैम प्रोजेक्ट के तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी की याचिका खारिज की

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को चांडिल डैम प्रोजेक्ट के तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सह जन सूचना पदाधिकारी (पीआइओ) विश्वंभर चौबे की ओर से राज्य सूचना आयोग द्वारा जुर्माना लगाये जाने के खिलाफ दायर रिट याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सूचना आयोग की दलील को सही मानते हुए प्रार्थी विश्वंभर चौबे को राहत नहीं दी। कोर्ट ने विशंभर चौबे की याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही राज्य सूचना आयोग द्वारा जुर्माना लगाये जाने के आदेश को सही ठहराया है। आवेदक अरुण राय ने टेंडर से संबंधित 11 तरह की सूचना मांगी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा यानी 30 दिन के भीतर जन सूचना पदाधिकारी विश्वंभर चौबे ने सूचना नहीं दी। इसके बाद प्रथम अपील दायर की गयी, लेकिन फिर भी सूचना नहीं दी गयी, जिसके बाद राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील दायर की गयी, तब राज्य सूचना आयोग ने जन सूचना पदाधिकारी विश्वंभर चौबे को अरुण राय को सूचना देने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी पूछा कि सूचना देने में इतना विलंब होने का क्या कारण रहा है। इसके बाद विश्वंभर चौबे ने सूचना तो दे दी, लेकिन सूचना देने में विलंब का कोई सटीक कारण नहीं बताया, जिसके बाद राज्य सूचना आयोग ने विश्वंभर चौबे पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था।

## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में गुरमत समागम

# ऐसे गुर को बल-बल जाइए आप मुकत मोहे तारे...



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए सोमवार को महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में सजाये गये विशेष दीवान की शुरुआत सुबह 7.30 बजे हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई तत्पश्चात वाहो वाहो करह सेई जन सोहंड़े तिन कउ परजा पूजंड़ आइ... एवं गोविंद गुणी निधान है अंत ना पाइया जाई... शबद गायन किया। गुरमत समागम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ की महान शख्शियत भाई सतपाल सिंह दिल्ली वाले ने ऐसे गुर को बल बल जाइए आप मुकत मोहे तारे... एवं साजनड़ा मेरा साजनड़ा निकट खालोया मेरा साजनड़ा... तथा गुर बिन घोर अंधार गुर बिन समझ ना आवै, गुर बिन सूरत ना सिध गुर बिन मुकत ना पावै... जैसे अनेक शबद गायन कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई सतपाल सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा देकर नवाजा। दीवान की समाप्ति के बाद सत्संग सभा द्वारा चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। इस विशेष दीवान में सुंदरदास मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, अमरजीत गिरधर, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, लक्ष्मण सरदाना, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, विनोद सुखीजा, गुलशन मिड्ढा, रमेश तेहरी, महेंद्र अरोड़ा, सुभाष मिढ़ा, जीतू अरोड़ा, अशोक गेरा, चंदू गिरधर, जितेंद्र मुंजाल, हरजीत बेदी, दीनदयाल काठपालिया, नवीन मिढ़ा, आशु मिढ़ा, पवनजीत खत्री, वेद प्रकाश मिढ़ा, अनूप गिरधर, हरीश मिढ़ा, नानक चंद अरोड़ा, मोहन काठपाल, सुरजीत मुंजाल, कमल मुंजाल, कमल अरोड़ा, राजेंद्र मक्कड़, बसंत काठपाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### 300 श्रद्धालुओं का जत्था 25 को पटना जायेगा

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कृष्णा नगर कॉलोनी से 300 श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब में 29 दिसंबर को आयोजित श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए 25 दिसंबर शाम को रांची से हटिया पटना ट्रेन द्वारा रवाना होगा। यह जत्था 31 दिसंबर की सुबह वापस रांची पहुंचेगा।

सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व 29 दिसंबर को मनाया जायेगा एवं श्रद्धालुओं के जत्थे के पटना साहिब से लौटने के बाद सात जनवरी, शनिवार रात आठ से 11:30 बजे तक तथा आठ जनवरी, रविवार को सुबह 10 से दिन के 2:30 बजे तक इस उपलक्ष में विशेष भव्य दीवान सजाया जायेगा, जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई राजेंद्र सिंह, जालंधर वाले विशेष रूप से शिरकत करने रांची पहुंच रहे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### इक्फाई : शोभित को मिला सिल्वर मेडल



रांची (आजाद सिपाही)। इक्फाई यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल रामेश बेस और विशिष्ठ अतिथि जस्टिस हाइकोर्ट झारखंड आर मुखोपाध्याय उपस्तिथ थे। इस दौरान कुल 9 छात्रों को गोल्ड और 9 छात्रों को सिल्वर मेडल दिया गया, जिसमें भाजपा के डॉ उमेश गुप्ता के पुत्र एमबीए के छात्र रहे शोभित कुमार को राज्यपाल और जस्टिस मुखोपाध्याय द्वारा सिल्वर मेडल दिया गया। शोभित ने बताया कि सिल्वर मेडल पाकर उन्हें खुशी मिल रही है पर मेडल से ज्यादा ये मायने रखता है कि आपने क्या सीखा। अभी शोभित पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, (भारत सरकार का उधम) में कार्यरत हैं। इसके पहले वह उत्तर प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग पेपर प्लांट यश पक्का में कार्यरत थे। इससे पहले भी इन्होंने कई जगह काम किया है।

### राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में मारवाड़ी कॉलेज के एनएसएस टीम लीडर मोहित पाठक का चयन



रांची (आजाद सिपाही)।राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज के एन एसएस टीम लीडर मोहित पाठक का हुआ चयन। इस वर्ष राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा को मिला। इसमें रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में से मारवाड़ी महाविद्यालय के एन एस एस टीम लीडर मोहित पाठक हिंदी विभाग के छात्र का चयन हुआ । मोहित ने सिर्फ कॉलेज नहीं बल्कि विश्वविद्यालय द्वारा एन एस एस के विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भूमिका के साथ सफलता पूर्वक संचालन किया। इसी के फलस्वरूप विश्वविद्यालय के एन एस एस कोओर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार द्वारा इनका चयन एनआइसी के लिए किया गया। मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने च्यनित छात्र मोहित कुमार पाठक को जूता और ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया और बाकी बच्चो को पढाई के साथ साथ एन एस एस के द्वारा सामाजिक कार्य के विकाश में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा और इसी के साथ च्यनित विधार्थी मोहित पाठक को बधाई दिया। इस अवसर पर मारवाड़ी महाविद्यालय के एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर अनुभव चक्रवर्ती, जय प्रकाश रजक और ज्योति किंडो एवम एन एस एस के टीम लीडर सौरभ कुमार सोनी, सुरभि कुमारी, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहें।

### एमडीएलएम हॉस्पिटल में चिकित्सा शिविर का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। बूटी स्थित एमडीएलएम हास्पिटल में विमला देवी की तृतीय पुण्य तिथि पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना पाठक, हड्डी और नस रोग के डॉ. रविंद्र प्रसाद ,मेडिसिन के डॉ. अग्रवाल, आयुर्वेद के डॉ. ए कुमार और योगाचार्य डॉ. मुकेश तिवारी ने अपनी सेवायें दीं। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन अस्पताल के संचालक डॉ. अमिताभ कुमार पांडेय ने स्वर्गीय माता विमला देवी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के संस्थापक सदस्य के रूप में उनके अतुलनीय स्नेह, सहयोग एवं समर्पण को याद किया। इस शिविर में लगभग 147 जरुरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ उनके रक्त संबंधित जांच और दवाइयों का निशुल्क वितरण हुआ। इस अवसर पर जरूरतमंद 21 वृद्ध और ग्रामीण महिलाओं को कंबल वितरण अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ अर्चना पाठक द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. मुकेश कुमार, अनुप कुमार, मनीषा मजुमदार, राणा कुमार, विशाल कुमार, अमरेंद्र कुमार यादव, कुमार आर्यन,पूजा कुमारी, रंजीता, सुप्रिया, प्रीति, एलिस एवं हॉस्पिटल के सभी कर्मचारियों ने विशेष योगदान दिया।

### एमिटी यूनिवर्सिटी में झारखंड रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जागरूकता सत्र



रांची (आजाद सिपाही)। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा बुसहाइक सॉल्यूशन, रांची के सहयोग से रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें उनके संस्थापक अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार चौहान और डॉ अतुल चौहान, चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड। संस्थापक डॉ जी अभिनव ने छात्रों को सुझाव दिया कि वे पहले अपनी प्रतियोगिता चुनें और फिर प्राथमिकताएं तय करें। यू रामचंद्रन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और गौरव गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट, एमिटी एजुकेशन ग्रुप ने आयोजन की शुरूआत करने के लिए संस्था को बधाई दी। डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने इस अवसर पर बधाई दी। डॉ. विकास मिश्रा, निदेशक, इंजीनियरिंग और एप्लाइड साइंसेज, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने प्रौद्योगिकियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सराहना की।

## हाथियों का झुंड पहुंचा कुजू वन क्षेत्र, ग्रामीणों में दहशत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू वन क्षेत्र के कुंदरिया टोला के आसपास विचरण कर रहे हाथियों के बड़े झुंड की खबर से क्षेत्र के लोगो मे दहशत का माहौल है।वही, ग्रामीण रतजगा को करने को विवश है। सूत्रों की माने तो इस झुंड में छोटे-बड़े मिलाकर कुल 40 हाथियों के रहने की पुष्टि हो रही है। हाथियों का यह झुंड बीते रविवार से कुंदरिया के समीप स्थित श्रीराम पावर एंड स्टील फैक्ट्री के ठीक पीछे जंगल में अपना डेरा जमाए हुए हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा इनको दूसरी जगह भेजने का कोई भी प्रयास अभी तक सार्थक होता नहीं दिखा है। देर रात इस झुंड ने कुंदरिया टोला निवासी रामसिंह मांझी के खेतो में खड़ी फसल को बुरी तरह रौंद दिया। वही, इनकी आवाजाही के कारण आरा- नयामोड हीरक सड़क पर रविवार की देर रात लगभग आधे घण्टे के लिए आवागमन बाधित रहा। वैसे वन विभाग एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इनको यहां से हटाने का लगातार प्रयास चल रहा है, लेकिन ये आराम से यहाँ के जंगल मे डेरा जमाए बैठे है। गौरतलब है कि उक्त हाथियों का झुंड गत शनिवार देर रात क्षेत्र के बोंगावार की ओर से यहाँ आया है।

## पतरातू में कराटे डोजो चैंपियनशिप का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित मध्य विद्यालय जयनगर में सोमवार को कराटे डोजो स्तरीय चैम्पियनशिपक आयोजन किया गया। इसमें करीब 40 कराटेकारों ने भाग लिया। इसमें फाईट, किहान आदि में प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम स्थान शिफा प्रवीण, अंश कुमार, ओम यादव, उत्सव यादव, अभिषेक कुमार व शिवम यादव ने हासिल की। वहीं द्वितीय स्थान प्रिंसेस जान्हवी, श्रेयांश पाठक, आशिष कुमार, सिद्धार्थ कुमार, प्रतीक पाठक व दक्ष कुमार ने बाजी मारी, और तृतीय स्थान सुफी परवीण, आर्यन कुमार,अर्पित पाठक, पियुष पाठक व आयंण कुमार साहु ने प्राप्त किया। सभी सफल कराटेकारों को सोतोकान कराटे के तकनीकी निदेशक नरेन्द्र सिन्हा ने मेडल देकर सम्मानित किया।

## बूथ अध्यक्ष की सहमति से पंचायतों में लग रहा सोलर लाइट : सांसद प्रतिनिधि

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** चतरा सांसद सुनील सिंह मद से टंडवा प्रखंड के सभी पंचायतों में सोलर लाइट लगना पदमपुर, धनगड्डा पंचायत से प्रारंभ हो गया है। सोलर लाइट लगाये जाने का विधिवत शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने पदमपुर पंचायत के बुकरू देवी मंडप के प्रांगण से किया। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि सभी पंचायत स्तर के बुथ अध्यक्ष के सहमति से प्रखंड के सभी पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर सोलर लाइट लग रहा है। सभी बुथ अध्यक्ष के सम्मान का ख्याल रखा गया है। गांवों में कुछ ऐसे सार्वजनिक स्थान होते हैं,यथा देवी मंडप प्रागंण, मंदिर प्रागंण,अखरा आदि जगहों में बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती है ऐसे जगहों पर यह सोलर लाइट काफी उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, पदमपुर पंचायत संयोजक हेमराज साव,भूषण सिंह, गोपाल सिंह, मंगल सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विजय साव, मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, पुर्व मंडल महामंत्री उदय पांडेय, कबरा पंचायत संयोजक धनंजय पांडेय, धनगडा पंचायत संयोजक उपेन्द्र कुमार चौबे, राजेश तुरी व अन्य उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बने संजय साव, लोगों ने दी बधाई



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विधायक ममता देवी ने सोमवार को एक पत्र जारी कर रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत छावनी परिषद क्षेत्र की आम जनता की समस्याओं एवं अन्य विधायकी कार्यों के निष्पादन एवं पर्यवेक्षक के लिए संजय साव को प्रतिनिधि नियुक्त की है। समाधान उन्होंने बताया कि संजय साव को प्रतिनिधि बनाए जाने से क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर उसका निराकरण किया जा सकेगा।

## गोला पत्रकार संघ कमिटी गठित

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला पत्रकार संघ की बैठक सोमवार को मगनपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बर्मन एवं संचालन मनोज मिश्र ने किया। बैठक के दौरान गोला प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पुरानी कमेटी को भंग कर स्थाई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप बर्मन को संरक्षक, लालकिशोर महतो अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार सचिव, राजकुमार को कोसाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे सुजीत सिन्हा उपाध्यक्ष, छेदीलाल को सह सचिव बनाया गया। इसके अलावे मनोज कुमार मिश्र, मोबिन अख्तर, श्रीकांत महतो, अंजनी कुमार, संतोष कुमार महतो, ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यप्रकाश, मो. अशफाक, टेकलाल महतो, अजय कुमार महतो, संजीव कुमार सिन्हा को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

## अधेड़ का मिला शव, इलाके में सनसनी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ किनारे स्थित धनगड्डा घाटी में मंगलवार अहले सुबह एक अधेड़ का शव देखे जाने से इलाके मे सनसनी फैल गयी। शव धनगड़ा घाटी स्थित मंदिर के पीछे मौजूद था । वहीं घटना की सूचना मिलते हीं मौके स्थानीय पुलिस की टीम ने घटनास्थल में पहुंच कर शव को कब्जे में लिया।और पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। आपको बता दें घटना में मृत अधेड़ की पहचान चतरा शहर के बिड मुहल्ला निवासी 50 वर्षीय प्रमोद भगत के रूप मे की गयी है। परिजनों की मानें तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसके कारण वह रविवार दोपहर को हीं अपने घर से निकला था। मृतक के पास से एक पर्ची, बस का टिकट तथा कुछ रुपए भी मिले हैं। दूसरी ओर पुलिस हत्या होने के विभिन्न संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है बताया।

## ग्राहक सेवा केंद्र का सिमरिया विधायक ने किया उद्घाटन

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** धनगड़ा में सोमवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक श्री दास ने कहा कि आज गांव-गांव में ग्राहक सेवा केंद्र के खोले जाने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। बैंक के मुख्य शाखा द्वारा संचालित इस मिनी बैंक के माध्यम से घर में बैंक की सुविधा मिल रही है। खाता खुलवाने से लेकर पैसों की जमा और निकासी की सुविधा घर तक पहुंचना एक उपलब्धि है। इस मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक पवन कुमार, पिंटू कुमार, ईश्वर दयाल पांडेय,प्रमोद सिंह, रामचन्द्र प्रसाद, संजय दास, बबन साव समेत बैंक संचालन संगम कुमारी उपस्थित थे।

## बद से बदतर होते जा रही है रिम्स की व्यवस्था : राजकिशोर



**रांची (आजाद सिपाही)।** वर्तमान समय में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में पूरी अराजकता चारों ओर छायी हुई है। ऐसा लगता है कि इसे देखने वाला या इसको नियंत्रित करने वाले का नियंत्रण समाप्त हो गया है। चारों और समस्याओं का पहाड़ खड़ा होता जा रहा है। रिम्स को दलालों ने अपने कब्जे में ले रखा है। रिम्स के डॉक्टरर्स, कर्मचारी, स्टाफ, नर्स, सिक्योरिटी गार्ड ऐसे सभी कर्मचारी जो रिम्स से जुड़े हैं (कुछ लोगों को छोड़ कर), सभी अपने कार्यों के प्रति लापरवाह दिख रहे हैं। इन सभी का मुख्य कारण रिम्स का कमजोर प्रशासन है, जिसका रिम्स और यहां के कर्मचारियों पर अपना नियंत्रण ही नहीं है। इसके चलते रिम्स की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। 20 वर्षों के इतिहास में रिम्स की स्थिति इतनी खराब नहीं थी, जितना वर्तमान समय में है। उक्त आरोप लगाते हुए रिम्स के सांसद प्रतिनिधि राजकिशोर ने कहा कि वर्तमान समय में मरीजों का इलाज सही ढंग से नहीं हो रहा है। रिम्स को बचाने के लिए जनता को ही सड़क पर उतरना होगा।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार कटिबद्ध : ममता देवी



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला हाई स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ममता देवी शामिल हुई । उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल को किक मारकर मैच का शुभ उद्घघाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल को बढावा देने के लिए हमारी सरकार काफी गंभीर है। उसी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। कहा कि खिलाड़ियों को खेलने के लिए सरकार के पंचायत स्तर पर खेल मैदान का भी निर्माण कराया जा रहा है। जहां गांव स्तर के सभी खेल कर आगे बढ़ सकेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, उप प्रमुख विजय ओझा, भोला दांगी, बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो ,मानिक पटेल, चंदन प्रसाद, मुखिया जितलाल टुडू, प्यारेलाल महतो, सीताराम मुण्डा सहित सैकड़ों खेल प्रेमी एवं प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

### डीएवी रजरप्पा में तीन दिवसीय सीबीएसइ क्लस्टर लेबल थ्री खोखो प्रतियोगिता संपन्न

# बालिका वर्ग में डीएवी रजरप्पा और बालक वर्ग में होलीक्रॉस चंदनकियारी बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/रजरप्पा ।** रजरप्पा मैदान में चल रहे तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर लेबल थ्री खोखो प्रतियोगिता 2022 सोमवार को संपन्न हो गया। मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड ओलंपिक एशोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक व विशिष्ट अतिथि सीईओ झारखंड एथलेटिक्स एशोसिएशन एसके पांडेय, दूरदर्शन की उद्घोषक रेखा पाठक, डीएवी प्राचार्य सिमडेगा राकेश शर्मा थे।

### झारखंड और बिहार के 65 स्कूलों के 500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर लेबल थ्री खोखो प्रतियोगिता 2022 में झारखंड व बिहार के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त 65 स्कूलों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बेहतर खेल का प्रदर्शन कर पदक हासिल किया। अपना व अपने स्कूल का नाम रौशन किया।




### अतिथियों का स्वागत

इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य एचके झा द्वारा बुके देकर किया गया। तत्पश्चात डीएवी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।

### सफल प्रतिभागी पुरस्कृत

अतिथियों द्वारा सफल प्रतिभागियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। संचालन शिक्षक डी मुखोपाध्याय व अंजनी पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार ने किया। मौके झारखंड एथलेटिक्स एशोसिएशन के सचिव सीडी सिंह, नेशनल प्लेयर टीटी सह कोल इंडिया गोल्ड मेडलिस्ट गौतम सिंह बम, मनीष कुमार, सीके मिश्रा, अजित महतो, प्रकाश ओझा, राकेश शर्मा, सिद्धांत गौरी, राहुल कुमार, नवीन कुमार, आनंद तिग्गा, कवि मुंडा सहित कई मौजूद थे।

### बेहतर खेल का प्रदर्शन

बेहतर खेल का प्रदर्शन कर बालिका वर्ग में डीएवी रजरप्पा व बालक वर्ग में होलीक्रॉस चंदनकियारी विजेता बना। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि डीएवी के बच्चों ने शिक्षा के साथ हमेशा खेल बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसके कारण उनकी पहचान राज्य व देश स्तर पर बना है। बच्चे और बेहतर कर अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की कोशिश करे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए एशोसिएशन पूरी तरह से कृतसंकल्प है। वे आगे बढ़े, उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी।

### प्रतियोगिता का परिणाम

**बालक वर्ग**

- विजेता- होली क्रॉस, चन्दनकियारी
- फर्स्ट रनर उप - मॉडर्न पुब्लिक स्कूल, नवादा
- सेकेंड रनर अप झ क्रेसेंट पब्लिक स्कूल,बोकारो और डीएवी रजरप्पा
- बेस्ट चेसर- गौतम बाउरी, चन्दनकियारी
- बेस्ट रनर- प्रियांशु कुमार , मॉडर्न स्कूल, नवादा
- बेस्ट प्लेयर- रवि टुड्डू, डीएवी रजरप्पा

**बालिका वर्ग**

- विजेता-डीएवी रजरप्पा
- फर्स्ट रनर अप - डीएवी, मथुरापुर
- सेकेण्ड रनर अप झ क्रेसेंट पब्लिक स्कूल, बोकारो व मिथिला अकादमी, बोकारो
- बेस्ट चेसर झ छाया कुमारी, डीएवी रजरप्पा
- बेस्ट रनर- मधु कुमारी, डीएवी, मथुरापुर
- बेस्ट प्लेयर- रितिका कुमारी, डीएवी रजरप्पा

# झारखंड कैंटोनमेंट कर्मचारी संघ की बैठक, लिये गये कई निर्णय



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैंटोनमेंट कर्मचारी संघ के तत्वाधान में सोमवार को थाना चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिलिट्री कैंट के अंदर एआरसी, पीआरसी एवं स्टेशन हेड क्वार्टर में कार्यरत ठेका मजदूर के अलावा झारखंड कैंटोनमेंट कर्मचारी संघ के महामंत्री अनमोल सिंह शामिल हुए। इस दौरान बैठक में दैनिक ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।

### बैठक में लिए गए निर्णय

इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया की दैनिक ठेका मजदूरों की बैठक प्रत्येक माह की जाएगी। जिसमें मजदूरों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस अलावा बैठक में निर्णय लिया गया की ठेकेदार के द्वारा मजदूरों को वर्दी एवं आईडेंटिटी कार्ड दिया जाए, दैनिक ठेका मजदूरों को सप्ताह में 1 दिन छुट्टी दिया जाए और उस छुट्टी वाले दिन का वेतन भी दिया जाए, दैनिक मजदूरों के पीएफ का पैसा उनके खाते में भेजा जाए और उसका हिसाब मजदूरों को दिया जाए, सरकार के द्वारा दिए जाने वाला लेबर कार्ड सभी मजदूर को बनवाना अनिवार्य है।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से झारखंड कंटोनमेंट कर्मचारी संघ के महामंत्री अनमोल सिंह, लखेंद्र पासवान, लक्ष्मण गोप आदि मजदूर उपस्थित थे।

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के डीसी कक्ष में सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। जिसके उपरांत डीसी ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# डीसी साहब थोड़ा ध्यान दीजिए, सदर अस्पताल में लोग उपचार कराने जाते हैं, बीमार होने के लिए नहीं

**सड़क पर उड़ने वाले डस्ट के कारण मंडल कारा के बंदी भी हैं खासे परेशान**

**टीबी, अस्थमा व खासी जैसी बीमारी से ग्रसित हो रहे लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा (आजाद सिपाही)।** डीसी साहब थोड़ा ध्यान दीजिए, लोग सदर अस्पताल में इलाज कराने जाते हैं बीमार होने के लिए नहीं। हम अस्पताल कि चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाह रहे हैं पोस्टऑफिस से लेकर जज आवास तक जाने वाली सड़क पर। इस सड़क पर भरा गया डस्ट जानलेवा साबित हो रहा है। अगर इस सड़क पर अविलंब ध्यान नहीं दिया गया तो उड़ने वाला धूल कई लोगों की जिंदगी को लील जायेगा। बताते चलें कि सड़क पर 24 घंटे चलने वाले छोटे बड़े वाहनों से उड़ने वाले धूल अस्पताल में उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों, मंडल कारा में बंद बंदियों, इस सड़क पर संचालित दुकानों में बैठने वाले दुकानदारों को टीबी, अस्थमा व खांसी जैसे कई प्रकार की बीमारियों का सौगात बांट रहा है। इसकी हकीकत अगर जाननी हो तो अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर कुछ मिनट आकर खड़ा होकर देख लें, जब आप वाहनों के पहिए से उड़ने वाले धूल के गुबार के साथ साथ अस्पताल के आस पास के क्षेत्र की स्थिति पर नजर डालेंगे तब समझ में आएगा की सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीजों के साथ साथ उस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों का क्या हाल होता होगा। सड़क पर उड़ने वाला धूल मरीजों के बेड से लेकर इनको दिए जाने वाले भोजन की थाली तक देखी जा सकती है। इस सड़क को दुरुस्त कराया जाय ताकि अस्पताल में आने वाले मरीज उपचार कराकर ठीक हों ना कि यहां से दूसरी बीमारी लेकर घर जायें।




महत्वपूर्ण न्यूज

## हॉकी विश्व कप 2023 : 10 दिसंबर को जमशेदपुर और 11 को रांची में ट्रॉफी टूर

**रांची (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर, राउरकेला (ओडिशा) में हॉकी वर्ल्ड कप 2023 (FYIYH ओड़िशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023) का आयोजन 13 जनवरी से होना है। इसके लिए हॉकी इंडिया ने ट्रॉफी को आम जनता के दर्शन के लिए पूरे देश में घुमाने की शुरूआत की है। इस क्रम में 10 दिसम्बर को जमशेदपुर और 11 दिसंबर को रांची में ट्रॉफी टूर होगा। इस क्रम में आज ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, ओडिशा के खेल मंत्री, ओडिशा सरकार के खेल सचिव विनिल, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक आर के श्रीवास्तव की उपस्थिति में हॉकी विश्व कप ट्रॉफी को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पदमश्री दिलीप तिर्की के हाथों में सौंपा गया। साथ ही देश के सभी राज्यों में घुमाने की जिम्मेवारी दी। यह ट्रॉफी अब ओडिशा से चलकर विभिन्न राज्यों को होते हुए जमशेदपुर (टाटा) और रांची पहुंचेगी। हॉकी झारखंड के द्वारा 11 दिसंबर को खेल प्रेमियों के दर्शन के लिए रांची में ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जायेगा।

## सेंट्रल बैंक में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया केंद्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक वाई अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के के दौरान वाई अनिल कुमार ने कहा कि प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 1911 से राष्ट्र की सेवा में लगातार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बैंक की 4594 शाखाओं का नेटवर्क एवं 500 से अधिक भारतीय खाताधारकों का बड़ा ग्राहक आधार है। सभी सम्मानित ग्राहक एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड में सरकार की तमाम विकास योजना एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं जैसे अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना आदि के कार्यालय में सेंट्रल बैंक में महती भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान 211 ग्राहकों को 104.46 करोड़ की ऋण हेतु स्वीकृति पत्र दिए गए। इस मौके पर सुनील कुमार उप महाप्रबंधक सह क्षेत्रीय प्रमुख समेत बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## आरआरडीए कर्मचारियों ने दिया धरना



**रांची (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण रांची में कार्यरत कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों और उसके निराकरण को लेकर सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया। आरआरडीए में कार्यरत कर्मचारियों के विभिन्न मांगों को राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों अभियंताओं को सातवां वेतन लाभ दिया जा रहा है। वहीं प्राधिकार कर्मचारियों को बैठक का हवाला देकर इस लाभ से अब तक वंचित रखा गया है। प्राधिकार के कुछ विशेष कर्मचारियों को नियुक्ति के पश्चात दो-तीन वर्षों में ही निम्न वर्गीय पद से सहायक के पद पर प्रोन्नति दी गई है। लेकिन 10 वर्षों या इससे अधिक अवधि के कर्मचारियों को अब तक किसी प्रकार की प्रोन्नति नहीं दी गई है। प्राधिकार के कुछ कर्मचारियों को सहायक का प्रभाव देखकर कार्य लिया जा रहा है। लेकिन प्रोन्नति मांगे जाने पर बोर्ड बैठक का हवाला देकर मांगों को खारिज कर दिया जाता है। कार्य में 10 से 25 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को लंबी समयावधि बीत जाने के बाद भी नियमित नहीं किया गया है। पूर्व में कुछ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को बोर्ड बैठक में नियमित किया गया था। परंतु प्राधिकार के कुछ विशेष कर्मचारियों की राजनीतिक के कारण नियमितीकरण को रद्द कर दिया गया। नीचे तबके के कर्मचारियों को दबाव बनाकर कार्य कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यता संतोष, सीमा, चंदन मौजूद थे।

## श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्रीमद्भागवत गीता जयंती महोत्सव का आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में रविवार की संध्या श्रीमद्भागवत गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ महापरिवार के संरक्षक डॉ के चंद्रा ने भागवत गीता के 18 अध्याय के विस्तार से वर्णन से किया। तत्पश्चात डॉ सांत्वना शरण ने भागवत गीता में से चयनित 108 श्लोकों का उच्चारण एवं उसका भाव सभी भक्तों को बताया।

## जीपी स्वच्छता प्लान बनाने पर हुई चर्चा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में रविवार को स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) फेज 2 अंतर्गत जीपी स्वच्छता प्लान बनाने हेतु मुखिया सत्यवती देवी की अध्यक्षता में वार्ड सदस्य आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, सहायिका, शिक्षक एवं समाजसेवियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनिसेफ सपोर्टेड देवनेट संस्था के वरुण सिन्हा एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पतरातू प्रखंड समूह नाटक रंजीत कुमार द्वारा ग्राम पंचायत को पूरी तरह स्वच्छ बनाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर सेब प्लान बनाने के लिए नाड़ेब, सोकपीट, वर्मी कंपोस्ट, प्लास्टिक यार्ड का निर्माण कराने हेतु स्थल चयन करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.15-SBP-TRD-OT-2022-23
दिनांक : 30.11.2022

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल में चेयर आर्म (Chair arm) एवं प्लेटफॉर्म शेड के बीच कम क्लीयरेंस (Clearance) वाले प्लेटफॉर्म में लाइव पार्ट (Live part) को हटाने से संबंधित TRD संबंधित कार्य।

**अनुमानित लागत (रुपये में) :** 53,00,991.05, EMD (रुपये में) : 1,06,000/-, पूरा होने की अवधि : 12 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 22.12.2022 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निर्देशानुसार ई-निविदा मे भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अवश्य अपलोड होना चाहिए।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD)/ सम्बलपुर

PR-772/N/22-23

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# धार्मिक स्वतंत्रता

अमेरिका ने एक रिपोर्ट अभी-अभी जारी की है। उसके अनुसार दुनिया के 14 देशों में धार्मिक स्वतंत्रता को खतरा है। यह खुशी की बात है कि 14 देशों में भारत का आगे-पीछे कहीं भी नाम नहीं है। हमारे तथाकथित अल्पसंख्यक संप्रदायों के नेता, कांग्रेसी और कम्युनिस्ट लोग इसे अमेरिका की लापरवाही कहेंगे या वे यह मान कर चलेंगे कि अमेरिका ने इन देशों के साथ भारत का नाम इसलिए नहीं जोड़ा है कि वह उसे चीन के विरुद्ध इस्तेमाल करना चाहता है। इस रपट में रूस, चीन और पाकिस्तान के नामों पर विशेष जोर दिया गया है। यदि अमेरिका ने भारत को चीन के खिलाफ डटाये रखने की इच्छा के कारण ही इस सूची में भारत का नाम नहीं जोड़ा है, तो यह पूछा जा सकता है कि उसमें सऊदी अरब का नाम क्यों जोड़ा गया है? सऊदी अरब से तो अमेरिका के संबंध काफी घनिष्ठ हैं। इसी प्रकार अब वह पाकिस्तान से भी उत्तम संबंध बनाने के अवसर नहीं छोड़ रहा है। जहां तक रूस और चीन का सवाल है, इन दोनों देशों से उसके संबंध तनावपूर्ण हैं, लेकिन वहां धार्मिक आजादी के दावों पर सच में अमल नहीं हो रहा है। जिहोवाज विटनेस संप्रदाय के लोगों पर रूस में कड़ा प्रतिबंध है। उन्हें कठोर सजायें भी मिलती रहती हैं, जबकि रूस अपने आप को कम्युनिस्ट नहीं, धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र कहता है। चीन भी धार्मिक स्वतंत्रता का दावा करता है। उसने बौद्ध, इस्लाम, ताओ, कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट ईसाई धर्मों को मान्यता दे रखी है, लेकिन दस लाख उइगर मुसलमानों को यातना-शिविरों में पटक रखा है और तिब्बती बौद्धों को वहां सदा शक की नजर से देखा जाता है। जहां तक ईरान का सवाल है, वहां कट्टरपंथी शिया आयतुल्लाहों का बोलबाला है। ईरान में सुन्नी, बहाई और पारसी लोगों का जीवन दूभर है। पाकिस्तान में हिंदू, बहाई, सिख, यहूदी और ईसाइयों का जीना हराम है। सरकारें तो उनके साथ न्याय करना चाहती हैं, लेकिन समाज इसके लिए तैयार नहीं है। कई अफ्रीकी और एशियाई देशों में तो अनेकानेक नरम और सख्त धार्मिक प्रतिबंध जारी हैं। दुनिया के लगभग 40-45 देश ऐसे हैं, जिनमें भारत या अमेरिका की तरह धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है। भारत में इस धार्मिक स्वतंत्रता का भयंकर दुरुपयोग भी होता है। हमारे नेता मजहब और धर्म के नाम पर हमेशा थोक वोट कबाड़ने की फिराक में रहते हैं। इसके अलावा लालच और भय के आधार पर भारत में बड़े पैमाने पर धर्म-परिवर्तन का धंधा भी चला हुआ है। इस छूट का सबसे बड़ा कारण हिंदू धर्म है, जिसमें सैंकड़ों परस्पर विरोधी संप्रदाय हैं। एक ही घर में कई संप्रदायों को मानने वाले लोग साथ-साथ रहते हैं और एक-दूसरे को बर्दाश्त भी करते हैं। इसीलिए भारत को उक्त सूची में शामिल नहीं करना सर्वथा उचित दिखायी देता है।

**दुनिया के लगभग 40-45 देश ऐसे हैं, जिनमें भारत या अमेरिका की तरह धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है। भारत में इस धार्मिक स्वतंत्रता का भयंकर दुरुपयोग भी होता है। हमारे नेता मजहब और धर्म के नाम पर हमेशा थोक वोट कबाड़ने की फिराक में रहते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**संसदीय प्रश्नों की कम से कम तीन सदियों पुरानी गौरवशाली परम्परा रही है। इंग्लैंड में हाऊस ऑफ लार्ड्स में पहला रिकार्ड किया गया संसदीय प्रश्न नौ फरवरी 1721 को पूछा गया था, जब लार्ड काऊपर ने तत्कालीन सरकार से पूछा था कि क्या किसी व्यक्ति विशेष की गिरफ्तारी से संबंधित समाचार रिपोर्ट सही थी? इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर दिया गया और इसने संसद में प्रश्न पूछने की प्रथा की शुरुआत की।**

# प्रश्नकाल : सरकार को जवाबदेह ठहराने का एक प्रमुख साधन

मनीष तिवारी

सात दिसंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। संसदीय कार्रवाई में प्रभावी रूप से भाग लेना संसद सदस्य होने वाले किसी भी व्यक्ति का एकमात्र कर्तव्य है। उस सांसद को कार्रवाई से तब तक बचना चाहिए, जब तक कि वह बिल्कुल अनिवार्य न हो। दुर्भाग्य से संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के रचनात्मक उपयोग के कारण संसद की प्रभावकारिता को लगातार कम करके आंका गया है और सबसे बढ़ कर भारत के संविधान की 10वीं अनुसूची जिसे बोलचाल की भाषा में दल-बदल विरोधी कानून कहा जाता है।

सरकार को जवाबदेह ठहराने का एक प्रमुख साधन प्रश्नकाल है। यहां तक कि संबंधित संसदीय सचिवालय द्वारा संदिग्ध आधारों पर महत्वपूर्ण राष्ट्रीय महत्व के प्रश्नों को अस्वीकार करने के कारण धीरे-धीरे इसे बेमानी बना दिया गया है। संसदीय प्रश्नों की कम से कम तीन सदियों पुरानी गौरवशाली परम्परा रही है। इंगलैंड में हाऊस ऑफ लार्ड्स में पहला रिकार्ड किया गया संसदीय प्रश्न नौ फरवरी 1721 को पूछा गया था, जब लार्ड काऊपर ने तत्कालीन सरकार से पूछा था कि क्या किसी व्यक्ति विशेष की गिरफ्तारी से संबंधित समाचार रिपोर्ट सही थी? इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर दिया गया और इसने संसद में प्रश्न पूछने की प्रथा की शुरुआत की।

**प्रश्न क्यों महत्वपूर्ण हैं? ऐसा इसलिए है, क्योंकि वे सरकार की जवाबदेही तय करने का महत्वपूर्ण कार्य निभाते हैं।**

प्रश्न क्यों महत्वपूर्ण हैं? ऐसा इसलिए है, क्योंकि वे सरकार की जवाबदेही तय करने का महत्वपूर्ण कार्य निभाते हैं। प्रमुख नीतियों और वायदों के बारे में तीखे सवालों का जवाब देने से मंत्रियों और नौकरशाहों दोनों को विवश होना पड़ता है। प्रश्न राष्ट्रीय या राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सरकार के महत्वपूर्ण मुद्दों को संकेत देने का एक तरीका भी है। प्रश्नकाल और उसके कामकाज को नियंत्रित करने वाले यहां कड़े नियम हैं। उदाहरण के लिए एक सवाल 150 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए। जिस दिन प्रश्न का उत्तर दिया जाना है, उससे कम से कम 15 दिन पहले प्रश्न की सूचना अवश्य दी जानी चाहिए। संसदीय सत्र के दौरान विशिष्ट दिन विभिन्न मंत्रालयों को आबंटित किये जाते हैं।



**लोकसभा में किसी भी दिन दायर सैंकड़ों प्रश्नों में से केवल 20 को मौखिक उत्तर के लिए चुना जाता है। निचले सदन में 543 सदस्य हैं और एक मत पत्र तय करता है कि कोई सदस्य प्रश्न पूछ सकता है कि नहीं? क्या प्रतिनिधित्व वास्तव में एक लाटरी पर निर्भर होना चाहिए, जो पासा फेंकने के समान है?**

एक सदस्य दो प्रकार के प्रश्न पूछ सकता है। एक प्रश्न जिसके लिए मौखिक उत्तर की जरूरत होती है और एक प्रश्न जिसका लिखित में उत्तर होता है। इन दोनों श्रेणियों के अपने-अपने उद्देश्य हैं। मौखिक प्रश्नों के लिए मंत्री को सदन के पटल पर जवाब देने की जरूरत होती है, जबकि लिखित उत्तर सदन के पटल पर रखे जाते हैं। मौखिक प्रश्नों में मंत्री व्यक्तिगत रूप से शामिल होते हैं और सदस्यों को अध्यक्ष के विवेक पर पूरक या अतिरिक्त प्रश्न पूछने की अनुमति होती है। हालांकि विस्तार से पिछले कुछ वर्षों से प्रश्नकाल के दौरान संसदीय कार्रवाई के प्रदर्शन और गुणवत्ता दोनों में गिरावट आयी है।

सबसे पहले सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों को नियमित रूप से प्रतिबंधित किया जाता है और संसदीय नियमों के मनमाने उपयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है। पूर्व में लोकसभा में मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये 36 प्रश्नों को लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रक्रिया और आचरण के नियम 41 (2) (33द्व) के मनमाने उपयोग से खारिज कर दिया गया।

जून 2019 और सितंबर 2020 के बीच एक समान संख्या या अधिक पर विचार नहीं किया गया। यह नियम लोकसभा सचिवालय को उन प्रश्नों को अस्वीकार करने की अनुमति देता है, जो गुप्त माने जाने वाले मुद्दों से संबंधित हो सकते हैं। जैसे कि कैबिनेट समितियों की संरचना, कैबिनेट चर्चा और राष्ट्रपति को दी गयी सलाह इत्यादि जो इस नियम के तहत होते हैं। किसी भी दर पर यहां तक कि एक प्रश्न के उत्तर में संवेदनशील सामग्री हो सकती है। इस तरह के प्रश्नों को एक प्रश्न समिति को भेजा जाना चाहिए, जिसमें संसद सदस्य शामिल हों जो स्वतंत्र रूप से जांच करें कि क्या प्रश्न की अस्वीकृति पहले स्थान पर जरूरी थी।

इस नियम या इस तरह के अन्य नियमों का जिस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है, उसका गहरा प्रभाव शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत पर पड़ता है, जो हमारे संवैधानिक योजना को रेखांकित करता है और यह अनिवार्य करता है कि विधायिका का प्राथमिक कार्य कार्यपालिका के कामकाज पर कड़ी निगरानी रखना है। यह स्पष्ट प्रश्न पूछता है कि यदि कोई सरकार भारत के लोगों द्वारा चुने गये लोगों पर भरोसा नहीं करेगी और संप्रभु की इच्छा का प्रतिनिधित्व करेगी तो लोकतंत्र कैसे जीवित रहेगा। यह फलने-फूलने के बारे में भूल जायेगा।

लोकसभा में किसी भी दिन दायर सैंकड़ों प्रश्नों में से केवल 20 को मौखिक उत्तर के लिए चुना जाता है। निचले सदन में 543 सदस्य हैं और एक मत पत्र तय करता है कि कोई सदस्य प्रश्न पूछ सकता है कि नहीं? क्या प्रतिनिधित्व वास्तव में एक लाटरी पर निर्भर होना चाहिए, जो पासा फेंकने के समान है? इसलिए सदस्यों के लिए एक भी मौखिक प्रश्न पूछे बिना एक संपूर्ण संसदीय सत्र या यहां तक कि एक पूर्ण संसदीय कार्यकाल समाप्त करना असामान्य नहीं है। उदाहरण के तौर पर पिछले मानसून सत्र में सदन के पटल पर मात्र 14 प्रतिशत मौखिक प्रश्नों का उत्तर दिया गया था। माना कि समय सीमित है लेकिन आबंटित घंटे में भी अनिवार्य रूप से केवल 5-6 प्रश्नों का उत्तर मिलता है।

लिखित उत्तरों की गुणवत्ता भी बिगड़ रही है। लिखित प्रश्न आमतौर पर सरकार से विशिष्ट जानकारी मांगने के लिए उपयोग किये जाते हैं। अक्सर ही विशेष जानकारी मांगने वाले उपभागों वाले प्रश्न का उत्तर उपभागों को एक साथ जोड़ कर और दो या तीन पंक्तियों में उत्तर देकर दिया जाता है। उदाहरण के लिए बंगा-श्री आनंदपुर साहिब सड़क के उन्नयन के संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को 29 जुलाई 2021 को एक प्रश्न का उत्तर दिया गया, जिसमें पांच उपभाग थे। प्रतिक्रिया में लापरवाही से भागों को एक साथ जोड़ दिया और पूछे गए किसी भी प्रश्न का संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। जब तक सार्वजनिक अधिकारियों को विधायिका के पवित्र पोर्टल में जवाबदेह नहीं ठहराया जाता, तब तक लोकतंत्र अर्थहीन हो जाता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# झारखंड सरकार की पहल पर आज सभी पंचायतों में एक दिवसीय मनरेगा शिविर

## शिविर में ग्रामीण उठायें सरकारी योजना का लाभ : विजया जाघव

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पहल पर पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी पंचायतों में एक दिवसीय मनरेगा शिविर का आयोजन किया जाना है। सोमवार को जिले के उपायुक्त विजया जाघव ने जिले के सभी पंचायतों में 6 दिसंबर यानी मंगलवार को एक दिवसीय मनरेगा शिविर लगाने का निर्देश दिया। शिविर के माध्यम से मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों का बकाया भुगतान उनके खाते में करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए लाभुक को जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता की छायाप्रति साथ लेकर आना है। सभी प्रखंड के शिविर में पदाधिकारी को संबंधित पंचायत के मुखिया को रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन की लाभुकवार सूची उपलब्ध करायेंगे। उपायुक्त ने सभी मुखिया को पंचायतों के संबंधित लाभुकों को सूचना देकर शिविर में शामिल कराने का आग्रह किया। मौके पर मनरेगा मार्गदर्शिका के अनुसार लाभुक को निकटतम क्षेत्र में कार्य उपलब्ध कराया जायेगा। शिविर में लंबित जॉब कार्ड सत्यापन के कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण किया जायेगा। लंबित आधार सिडिंग के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए लाभुक को आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड साथ में लाना होगा। मनरेगा अंतर्गत नए योजनाओं का आवेदन लिया जायेगा। सभी पंचायतों में 5 योजनाओं का क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन लिया जायेगा। उपायुक्त ने जिले के सभी ग्रामीणों को अपने पंचायत में आयोजित एक दिवसीय शिविर में शामिल होकर सरकार के योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की।

# जीलिंगडूंगरी के पूर्व चयनित स्थल पर बने डिग्री कॉलेज

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** बोड़ाम जिलिंगडुगरी में ग्रामीणों की एक बैठक ग्राम प्रधान नरेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित बैठक में चार पंचायत के ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी ने सर्वसम्मति से पूर्व में चयनित स्थल पर ही डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए स्वीकृत की। बैठक में निर्णय लिया गया यदि संबंधित स्थल से अन्य स्थल पर कॉलेज का निर्माण हो तो ग्रामीणों के साथ संवेदक बैठक कर निर्णय लेगी। साथ ही ग्रामीणों ने निर्णय लिया यदि संवेदक निर्माण कार्य के गुणवत्ता में किसी प्रकार का कमी करेगी, तो ग्रामीण विभागीय कार्यवाही करवाने की शिकायत करेंगे। बैठक में कॉलेज निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के लिए कई मुद्दे पर चर्चा की गयी। ग्रामीणों ने बैठक कर बोड़ाम अंचलाधिकारी निवेदिता नियति से चर्चा करते हुए संबंधित स्थल पर ही कॉलेज निर्माण की मांग रखी। अंचलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में स्थल का चयन ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। रास्ता को सुगम करने के साथ ग्रामीणों के द्वारा चिन्हित सरकारी जमीन पर कॉलेज का निर्माण करवाया जायेगा। मौके पर जिला पार्षद सदस्य गीतांजलि महतो,पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर महतो, देवजानी दास, आशुतोष महतो, मिहिर महतो, हिमांशु महतो, मानिक चंद्र महतो, चित्तरंजन महतो, असीम सोरेन, आदित्य महतो, गणेश महतो, निधिराम सिंह, श्यामापद महतो, सतीश महतो, यादव महतो, चित्त रंजन प्रमाणिक सहित चार पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रवक्ता जम्मी भास्कर ने अध्यक्ष बनने पर आनंद बिहारी दुबे को दी बधाई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के राजनैतिक सलाहकार एवं काँग्रेस के कोल्हान प्रवक्ता जम्मी भास्कर ने आनंद बिहारी दुबे को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आलाकमान ने एक मजबूत संगठन कर्ता एवं कुशल नेतृत्व कर्ता को अध्यक्ष बना कर बेहतरीन निर्णय लिया है। उन्होंने मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रभारी अविनाश पांडेय एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को धन्यवाद एवं बधाई दी।

# चाकुलिया में जख्मी और मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता सरोज महापात्र, किया आर्थिक सहयोग



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सरोज महापात्र सोमवार को विगत दिनों सड़क दुर्घटना में जख्मी राजीव सबर के माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें सान्त्वना दी। बता दें कि राजीव सबर दो दिन पूर्व चाकुलिया से अपने गांव कुचियाशोली पंचायत के बकतड़िया लौटने के क्रम में बाइक अनियंत्रित होने के कारण गिर कर जख्मी हो गया था। उसे सिर एवं पैर में गंभीर चोट आयी है तथा फिलहाल ओड़िशा के भुवनेश्वर स्थित उत्कल नर्सिंग होम में उसे भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने उसके इलाज के लिए जितने पैसों की जरूरत बतायी है, वह उसके परिजनों के पास नहीं है, जिससे उसके पिता गोष्ट सबर लोगों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। श्री महापात्र ने गोष्ट सबर से मुलाकात के दौरान उन्हें आर्थिक मदद भी की। वहीं दूसरी ओर श्री महापात्र ने विगत दिनों बंगाल के मुनियादा के पास वाहन की चपेट में आकर जख्मी होने से मृत चाकुलिया प्रखंड के कुम्हरीशोल निवासी 72 वर्षीय सावित्री महतो के घर भी पहुंचे एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सावित्री के परिजनों को श्राद्ध के लिए चावल एवं नगद राशि भी प्रदान की। मौके पर त्रिलोचन राणा, तापस महतो, बुलेट महतो, सबर समाज के अध्यक्ष हेमंत सबर, मधु सबर एवं कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# गोलमुरी में शराब पीने से वृद्ध की हुई मौत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के गोलमुरी में अधिक शराब पीने से एक व्यक्ति विदेशी कालिंदी की मौत हो गई है। विदेशी कालिंदी अत्यधिक नशा करने का आदी था। घटना रविवार देर रात की है। गोलमुरी पुलिस ने जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर घटना स्थल पर जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विदेशी कालिंदी की पत्नी बिजो कालिंदी ने पुलिस को बताया कि उसका पति बहुत ज्यादा शराब पीता था। इसी के चलते उसकी मौत हुई है। पुलिस ने इस मामले में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

# कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे का किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नाम की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में खुसी देखने को मिल रही है। सोमवार को बधाई देने के लिए बारीडीह बस्ती स्थित उनके आवास में कांग्रेसीओ का भीड़ उमड़ पड़ी। उधर रविवार यानी 11 दिसंबर को बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय में पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा। बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं पूर्व सांसद डॉ अजय को भी निमंत्रण किया जायेगा। इसके अलावा समारोह में कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एवं पदाधिकारी व पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खा सहित जिले के तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी कार्यकर्ता बारीडीह मैदान में जमा होंगे। वहां से सभी रैली के माध्यम से बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय के कार्यक्रम में भाग लेंगे। तिलक पुस्तकालय में एक दिवसीय समारोह में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय खां से प्रभार ग्रहण करेंगे। उधर आनंद बिहारी दुबे को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके बारीडीह बस्ती स्थित आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगने लगा। मौके पर जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी, नेता एवं कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा जिले में कांग्रेस से जुड़े कई नेता रोष है।लेकिन दूसरे पार्टी में किसी ने जाने का प्रयास नही किया। सभी वापस में रूठे होंगे, लेकिन कांग्रेसी कहलाते है। उन्होंने कहा नाराज होकर अपने को किनारे करने वाले नेताओं को मनाना पहली प्राथमिकता होगी। जिले में सभी के साथ मिल कर संघठन को मजदूत करना, युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम तेजी से किया जायेगा, ताकि जिले में कांग्रेस पार्टी की अलग पहचान बन सके।

# रजनी और चंपा की रिहाई की मांग, निकाली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल वन प्रमंडल स्थित दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में जंजीरों से बंधी दो हथिनियों, रजनी व चंपा की रिहाई और उनके भोजन का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग को लेकर संयुक्त ग्राम सभा ने सोमवार को शहरबेड़ा से माकुलाकोचा तक पद यात्रा निकाली। हाथों में बैनर-पोस्टर लिये पारंपरिक हथियारों से लैस ग्रामीणों ने इस दौरान वन अधिकारियों ने दोनों हथिनियों के भोजन का ब्योरा सार्वजनिक नहीं करने पर सड़क से लेगर सदन तक आंदोलन चलाने की चेतावनी भी दी।

बताते चलें कि स्थानीय संयुक्त ग्राम सभा विगत कई दिनों से माकुलाकोचा स्थित दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी में रखी गयीं दोनों हथिनियों, रजनी एवं चंपा के गिरते स्वास्थ्य की खबरों को लेकर चिंतित हैं।

ग्रामीण इसको लेकर दोनों हथिनियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी दोनों हथिनियों के रख-रखाव के लिए मिलने वाले अनाज की राशि हड़प ले रहे हैं, जिससे दोनों हथिनियों को समुचित भोजन तक नहीं मिल रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आती जा रही है। इसी के विरोध में संयुक्त ग्रामसभा की ओर से सोमवार को माकुलाकोचा वन आश्रयणी तक रैली निकाल कर वन अधिकारियों को ग्रामीणों की चिंता से अवगत कराने का प्रयास किया गया। इसमें दलमा एवं उसके आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के साथ ही कई प्रबुद्ध जन एवं समाजसेवियों ने भी शिरकत की एवं दोनों हथिनियों की रिहाई की आवाज बुलंद की।

## एसपीडी कॉलेज में एनएसएस ने मनाया अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्वयंसेवकों के द्वारा समाज के सहयोग में कई कार्य किए जाते हैं। यह दिन व्यक्तिगत स्वयं सेवकों, समुदायों, संगठनों को स्थानीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास में उनके योगदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा की आज का दिन स्वयंसेवकों का दिन है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक सामाजिक कार्यों के लिए सालों भर अपनी सेवा देते रहते हैं और आज उनका दिवस है। 17 दिसंबर 1985 को एक संकल्प के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 5 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस मौके पर स्वयंसेवक सकेंद्र चौधरी, रंजन कुमार चौधरी, ने कई गीतों की प्रस्तुति की। वही विनीत कुमार चौबे, विवेक कुमार आदि ने कई रोचक घटनाओं को साझा किया। मौके पर डा. अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के सहयोग में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हर वक्त खड़े रहते हैं। करोना काल में भी उन्होंने अपनी सेवा दी। मौके पर डॉ चंद्र कुमार, प्रोफेसर अखिलेश कुमार पाठक, प्रोफेसर दिवाकर चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

## सभी थाना के थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग किया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना के थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग किया। बैठक में एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी एक जनवरी नव वर्ष के अवसर पर सुखल दरी फॉल, पनघट वा डैम, बंबा डैम सहित अन्य पिकनिक स्पॉट को चिंहित कर अपने अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने की तैयारी करने को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिया। क्राइम मीटिंग में उन्होंने क्रमवार सभी थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में दर्ज कांडों के अलावा आपराधिक घटनाओं,लूटपाट, हत्या सहित अन्य घटनाओं में अब तक कितने मामलों का निष्पादन किया गया कि जानकारी लिया। बैठक में उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिये रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा अपराध में नियंत्रण लाने का निर्देश दिया। बैठक में भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार,नगर उंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी लूसी रानी,रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार,केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार,धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार, विशुनपुरा थाना प्रभारी बुधराम सामद, हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## नाबालिग को भगाने वाला युवक छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार, लड़की बरामद



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल थाना क्षेत्र के पूरेगाड़ा गांव की एक हिंदू नाबालिग लड़की को बीते रविवार को शादी की नियत से अपहरण कर लिया गया था। आरोपी अली राजा अंसारी को रंका थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात्रि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला मुख्यालय के बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ नाबालिग लड़की भी थी जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि पूरेगाड़ा गांव की एक नाबालिग लड़की को शादी की नियत से भगा ले जाने संबंधी रंका थाने में आवेदन दिया गया था। नाबालिग की मां सुषमा देवी ने बीते रविवार को रंका थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी थी। आवेदन के आलोक में रंका थाना पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी थी। रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर नाबालिग को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। दोनों दूसरे जगह भागने के फिराक में थे। नाबालिग के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर रंका थाना लाया और नाबालिग को चिकित्सकीय जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं आरोपी अली राजा अंसारी को रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव का रहने वाला है जिसे रंका थाना पुलिस ने गढवा जेल भेज दिया है।

## व्यापारियों की बैठक अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान की अध्यक्षता में संपन्न

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के बिशुनपुर स्थित कर्बला के मैदान के समीप व्यापारियों की बैठक अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से व्यापारी संघ का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्व सम्मति से अध्यक्ष शमीम खान उर्फ फुलटुन खान को, कोषाध्यक्ष शमशुल सिद्दीकी एवं सचिव मुराद खान उर्फ मुन्ना सहित 51 सदस्यीय व्यापारी संघ का गठन किया गया। जानकारी देते हुए शमीम खान उर्फ फुलटुन खान ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ व्यापारियों ने हमे व्यापारी संघ का अध्यक्ष बनाया है, उनके उम्मीद पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के परेशानियों का निदान करने लिए लगातार प्रयास किया जायेगा। कोषाध्यक्ष शमशुल सिद्दीकी ने कहा कि अपने व्यपारी लोगो की समस्याओं का निदान करने का लगातार प्रयास करूंगा। सचिव मुराद खान उर्फ मुन्ना ने कहा कि व्यापारी संघ के गठन का मुख्य उद्देश्य है। व्यापारियों की समस्याओं का निदान करना है। मौके पर वसीम खान ,बबलू, मंसूर खान, रागीब हुसैन खान, इरशाद खान, सलाहु खान, जियाउद्दीन खान, इरफान खान,आजाद आलम, अजूबा खान, नेहाल खान, हारून खान, नबीर खान, मनउवर खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन आज

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक के निदेर्शानुसार अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में 6 दिसंबर (मंगलवार) को अनुमंडल स्तरीय विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में विशेष श्रेणी की दिव्यांगता थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, स्किल सेल एनीमिया, लेप्रोसी आदि दिव्यांग व्यक्तियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआइडी कार्ड बनाया जायेगा तथा दिव्यांग पेंशन दिलाने के लिये अग्रेतर कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने संबंधित विभाग से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया है, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग लोग इसका लाभ ले सके। प्रचार प्रसार का कार्य ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर किया जायेगा।

# राज्य में बढ़ रही लव-जेहाद की घटना चिंताजनक: राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राजीव राज तिवारी ने एक बयान जारी कर राज्य में बढ़ रही लव जेहाद की घटनाओं पर चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि जबस झरखंड में यूपीए की सरकार बनी है तबसे लव जेहद की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुयी है, जो राज्य के लिये शुभ संकेत नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि लव जेहाद जैसे मामले एक विशेष सामुदा बाहर से फंडिंग की जा रही है और इस बात से सरकार अवगत है




बावजक बनी हुयी है।

### भाजपा की सरकार बनते ही लव जेहाद पर कड़ा कानून बनायेगी

उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। समय रहते इस पर कड़े कदम नहीं उठाये गये तो आनेवाले दिनों में झारखंड वासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक लोगों को सरकार खुलेआम छूट दे रखी है जिससे इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने में उन्हें सहुलियत हो रही है। लेकिन भाजपा इसका कड़ा विरोध करती है और आनेवाले दिनों में राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही लव जेहाद पर कड़ा कानून बनायेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में उतर प्रदेश, केरला, कर्नाटक में कानून बन गया है, लेकिन झारखंड में नहीं बना है। वे सरकार से मांग करते हैं कि झारखंड में भी इस तरह के कानून बने ताकि इस तरह की घटनाओं पर विराम लग सके और राज्य के लोग अमन चैन के रह सकें।

## हवन यज्ञ के साथ सहयोगी योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट गढ़वा के तत्वावधान में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशाल में हवन यज्ञ के साथ सहायक योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी के द्वारा किया गया। उस अवसर पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि योग विद्या हमारे ऋषियों की देन है। यह एक जीवन पद्धति है। इसे दैनिक जीवन में आत्मसात कर हम स्वस्थ प्रसन्न एवं सुखी जीवन जी सकते हैं। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी के द्वारा प्रशिक्षुओं को 8 प्राणायाम, 12 आसन, योगिक व्यायाम, सूक्ष्म व्यायाम तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। यज्ञ प्रभारी आचार्य सुशील केसरी के द्वारा देव यज्ञ संपन्न करवाया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी सूर्य देव दुबे के द्वारा आहुति प्रदान की गई। सभी प्रशिक्षुओं ने भी हवन यज्ञ में आहुति दी तथा विश्व शांति की कामना के साथ यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य सुशील केसरी के द्वारा यज्ञ के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी कन्हैयालाल गुप्ता, रामप्रवेश कुशवाहा, मेराल के पूर्व प्रमुख विकास सिंह कुशवाहा, संजय सक्सेना, बृजेश चौबे, आमोद कुमार, बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल मिश्र, दिलीप कुमार तिवारी सहित कई लोग शामिल थे।

## मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन को लेकर प्रखंड झामुमो ने की बैठक

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के रंका प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय कक्ष में प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता के अध्यक्षता में आभार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर बैठक किया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने बताया कि 8 दिसंबर को गढ़वा जिला से आभार यात्रा मुख्यमंत्री हेमंत सौरैन के द्वारा प्रारंभ की जा रही है। जिसको ऐतिहासिक यात्रा बनाने के लिए प्रखण्ड से लेकर जिला स्तर तक युद्ध स्तर पर तैयारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सदस्य कर रहें है। आभार यात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बनायेंगे इसके संप्राप्ती को लेकर आज रंका झामुमो प्रखंड के कार्यालय में आशीष गुप्ता के अध्यक्षता में एक बैठक की गई है ।बैठक में प्रखण्ड के संजय सिंह उर्फ छोटू सिंह, रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली,मानपुर पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी, रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, मानपुर पंचायत के बीडीसी असमूउद्दीन अंसारी, अरविंद सोनी, संतोष प्रसाद, नौशाद राय, राजेंद्र सिंह ,अनिल यादव, अमीन युसूफ अंसारी, कपिल देव सिंह, योगेंद्र यादव, विकास यादव, मंजर अंसारी , कटरा पंचायत के मुखिया अनिमा सिंह, वरिष्ठ झामुमो नेता मुमताज अली रंगसाज, देवेंद्र तिवारी, इरफान अहमद अंसारी युवा नेता दीपक कुमार सोनी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नौवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** प्रखंड के तमगे कला पंचायत के पिंडरा गांव निवासी बरतु राम की 14 वर्षीय पुत्री सेवंती कुमारी अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सेवंती कुमारी का दिमागी हालत ठीक नहीं था। वह गतरात्रि में अपने घर के कन्डी में वह फांसी लगा ली। जब सुबह उसकी मां घर में देखी तब सुधबुध खो बैठी और जोर -जोर से रोने लगी।रोने की आवाज सुनकर आस- पास के लोग जुटकर लटकते शव को नीचे उतारा। बाद में इस घटना की सूचना रंका थाना को दिया गया।रंका थाना पुलिस सब इन्सपेक्टर विकास कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सेवंती कुमारी का शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है ।मृतिका नौवीं कक्षा की छात्रा बतायी जाती है।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप

## सिंदुरिया की टीम ने कैलान को 4-0 से पराजित कर विजेता बनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में टाउनशिप स्थित सेल के मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल कप बालक बालिका प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार को खेली गई। बालिका वर्ग का फाइनल मैच सिंदुरिया और कैलान के बीच खेली गई। जिसमें सिंदुरिया की टीम ने कैलान को 4-0 से पराजित कर विजेता बनी। जबकि बालक वर्ग का फाईनल मैच कैलान एवं सिंदुरिया के बीच खेल गया। दोनों टीमें निर्धारित समय एक भी गोल नही कर सकी। इसके बाद ट्राई ब्रेकर के सहारे सिंदुरिया ने कैलान को 2-0 से हराकर फाईनल का खिताब जीती। इससे पूर्व फाइनल मैच की शुरूआत बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, पुलिस निरीक्षक चंदन सिंह, जिपस रंजनी शर्मा, उप मुखिया वैश खाँ व मीणा देवी ने संयुक्त रूप से दोनों टीमो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य इस तरह का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों से होनहार और प्रतिभावान खिलाडियों को निखारना है। ताकि अपने बेहतरीन खेल की बदौलत वें जिला, राज्य और देश स्तर पर प्रतिनिधत्व कर जिला और राज्य का नाम रौशन कर सके। इस मौके पर थाना प्रभारी सतीश महतो, एसआइ सहदेव साह, जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय कुमार गुप्ता, प्रखंड खेल प्रभारी राजकिशोर सिंह, चमन सिंह, सोनू ठाकुर, मनोज प्रजापति समेत बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## बच्चों का डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल विद्यालय में फिलहाल शिक्षकों की घोर कमी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा के बाद राजकीय बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर के छात्रों द्वारा क्लास रूम में बनायी गई डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उक्त विद्यालय में फिलहाल शिक्षको की घोर कमी है। शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों के दिमाग में इस तरह के कृत्य करने की भावना पनपती रहती है। छात्रों द्वारा गाने पर नृत्य को देखा जाय तो पता चलता है कि इनकी सृजनात्मकत की सोच को सही दिशा नहीं मिल पा रहा है बस इन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है। बता दें कि बीते दिनों प्रखण्ड प्रमुख शोभा पाठक ने विद्यालय के औचक निरीक्षण के क्रम में 435 छात्रों एवं 11 कक्षाओं के लिए महज तीन शिक्षक देख विभाग को पत्र लिख उक्त विद्यालय से स्थानांतरित दो शिक्षको को मूल विद्यालय में पुनः लाने की बात कही थी। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक विभूति प्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर छात्रों को हिदायत देने के साथ उनके अभिभावकों को भी अवगत करा दिया गया है।

## जागरूकता अभियान चलाकर गवाहों की सुरक्षा के लिए प्रचार प्रसार किया

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी दीपक राणा के नेतृत्व में सोमवार को कंजिया सप्ताहिक बाजार में जागरूकता अभियान चलाकर गवाहों की सुरक्षा के लिए प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी दीपक राणा ने कहा कि दोषी को सजा दिलाना कानूनी अधिकार है। इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गवाह लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं, उन्हें अब डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। पुलिस उन्हें पूरी तरह सुरक्षा देगी और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जायेगी। कंजिया बाजार प्रांगण में पुलिस द्वारा बैनर लगाकर गवाहों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक बने और समाज को अपराध मुक्त बनायें। इस मौके पर एसआइ रंजीत कुमार, चौकीदार डब्लू कुमार, जितेंद्र कुमार, फिदा हुसैन सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## अनुमंडल स्तरीय कैंप का आयोजन किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा की ओर से विशेष दिव्यान्गता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अनुमंडल स्तरीय कैंप का आयोजन किया जा रहा हैकइसके निमित दिनांक 06-12-2022 को नगर उंटारी अनुमंडल के ट्रामा सेंटर, नगर उंटारी में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां दिव्यांग लाभुक जांच शिविर में आकर लाभांवित हो सकते हैं। उक्त दिव्यांगता कैंप में मस्कुलर डिस्ट्रोफी (मांसपेशीय दूर विकार), पार्किन्सन बीमारी (भूलने संबंधी समस्या), सिकल सेल डिजीज (रक्त संबंधी बीमारी), लेप्रोसी (कोढ़), एसिड अटैक विक्टिम, सेरेब्रल पाल्सी, ड्वार्फिस्म (बौनापन), मल्टिपल स्कैलेरोसिस, स्पीच एंड लर्निंग डिसेबिलिटी (बोलने व सीखने सम्बन्धी समस्या), आटिज्म, लोकोमोटर दिव्यांगता (हाथ पैर में अस्थि सम्बन्धी समस्या), अंधापन(दृष्टि बाधित), लो विजन (कम दृष्टि), हिअरिंग इम्पेयर्मेंट (सुनने में परेशानी), इन्तेलेक्टुंल इंपेर्यमेंट (बौधिक अक्षमता), मानसिक रोग, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, कोनिक न्यूरोलोजिक कंडीसन, मल्टिपल डिसेबिलिटी इन्क्लुडिंग डिफ, ब्लाइंडनेस आदि।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा
समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाष: (06541) 253924 इमेल– chatrajepc@ymail.com

आम सूचना

विज्ञापन संख्या 1264 दिनांक 02.12.2022 के माध्यम से कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षिका / शिक्षकेत्तर कर्मियों का पूर्णतया एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिलाओं से विहित प्रपत्र मे आवेदन दिनांक 19.12.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान चतरा में आमंत्रित किया जाता है ।

| Sl.No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC- I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–भाषा | 3 | 1 | - | - | 1 | 1 | 3 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | 1 | - | - | 2 | 1 | 4 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान | 7 | 4 | - | - | 2 | 1 | 7 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–सा0विज्ञान | 3 | 1 | - | - | 1 | 1 | 3 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–शारीरिक शिक्षा | 3 | - | - | 1 | 2 | - | 3 |
| 6 | पूर्णकालिक (महिला)–लेखापाल–सह–कम्पयुटर आपरेटर | 2 | - | - | 1 | - | 1 | 2 |
| | कुलयोग | 22 | 7 | - | 2 | 8 | 5 | 22 |

उक्त विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबासाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
PR.NO.284173 Jharkhand Education Project Council(22-23):D जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झा0शि0प0, चतरा



कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग - 825301
E-mail deo_hazaribagh@rediffmail.com

आवश्यक सूचना

उपर्युक्त विषयक सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–1726 दिनांक–21.06.2022 के आलोक में माध्यमिक विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित वरीय वेतनमान में 12 वर्षों की अटूट सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति दी जानी है।

उक्त के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी राजकीयकृत, परियोजना एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हजारीबाग के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक को निदेश दिया जाता है कि आपके विद्यालय के अहर्ताधारी कार्यरत सेवा निवृत / मृत शिक्षकों से संबंधित विहित प्रपत्रानुसार सूचना एक पक्ष के अन्दर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अहर्ताधारी सेवा निवृत शिक्षक एवं मृत शिक्षक के आश्रित से भी अनुरोध है कि विहित प्रपत्रानुसार वांछित सूचना संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रपत्र

| क0सं0 | शिक्षक / शिक्षिका का नाम | जाति | जन्म तिथि | नियुक्ति तिथि | नियुक्ति का विषय | शैक्षणिक योग्यता | प्रशैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

| प्राशिक्षण प्राप्ति की तिथि | स्नातकोत्तर उत्तीर्णता की तिथि | स्नातकोत्तर का विषय | स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान प्राप्ति की तिथि | स्नातक प्रशिक्षित वरीय वेतनमान प्राप्ति की तिथि | स्नातक प्रशिक्षित वरीय वेतनमान में 12 वर्ष पूर्ण होने की तिथि | सेवा निवृति की तिथि | निलंबन / निन्दन / अनुशासनिक कार्रवाई / सेवा में टूट / न्यायालय द्वारा दण्डित की अवधि एवं का विवरण | सेवा अवधि में योग्यता बढ़ाने संबंधी विभागीय आदेश की छायाप्रति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| | | | | | | | | |

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
हजारीबाग
PR 284198 School Education and Literacy(22-23).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## गरीब और असहाय रिक्शा चालकों के बीच कंबल वितरित



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** गरीब और असहाय रिक्शा चालकों के बीच भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोलक दास की ओर से बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। रिक्शा चालकों की शिकायत रहती थी कि उन्हें कोई भी सहायता नहीं करता है। इसी निमित्त सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोलक दास अधिकारी के संयुक्त प्रयास से रिक्शा चालकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### बाइक पर सवार होकर आये दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

# लूटपाट में असफल अपराधियों ने चेचिस में लगायी आग, चालक भागा

**महाराष्ट्र को कोल्हापुर से चेचिस लेकर आ रहा था चालक, रिश्तेदार से मिलने को आनेडीह में रुका था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सोयको थाना क्षेत्र के खुंटी तमाड़ मुख्य पथ से एक किलोमीटर दूर रोवाद गांव में अपराधियों ने एक नयी चेचिस में आग लगा दी। जानकारी के अनुसार रविवार की रात 8.30 बजे उक्त चेचिच को लेकर मनसा कच्छप नामक चालक महाराष्ट्र के कोल्हापूर से खूंटी-तमाड पथ के आनेड़ीह के पास पहुंचा था।



आग लगाये जाने के बाद जल कर खाक हुई चेचिस।

उसके साथ कई और चेचिस चालक भी थे, जो अन्य वाहन लेकर पहुंचे थे। लेकिन सभी वाहन तमाड़ की ओर आगे बढ़ गए थे। चालक मनसा कच्छप अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए आनेडीह से लगभग एक किलोमीटर दूर दिगड़ी पंचायत के रोवादा गांव चला गया। वह जिस समय अपने रिश्तेदारों से बातें कर रहा था, उसी समय कुछ अपराधी बाइक से वहां पहुंचे और चालक को डराने-धमकाने लगे। लूटने की नीयत से गाड़ी की बैटरी को खोलन का प्रयास करने लगे, लेकिन इसमें वे सफल नहीं हुए, तो गुस्से में आकर आग लगा दी। इससे वाहन का अगला भाग पूरी तरह जल गया। चालक मनसा कच्छप डरकर वहां से भाग गया। वाहन को आग के हवाले करने के बाद अपराधी बाइक से भाग खड़े हुए। चालक ने घटना की जानकारी सायको पुलिस को दी। सोमवार की सुबह खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एसडीपीओ ने कहा कि यह नक्सलियों की करतूत नहीं है। लूटपाट की नीयत से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को चिह्नित कर लिया गया है। जल्द उनकी गिरफ्तारी होगी।

## नौ को पूरे कोल इंडिया में होने वाले विरोध प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का निर्णय

**संयुक्त मोर्चा ने केडीएच परियोजना और रोहिणी परियोजना में की गेट मीटिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सयुंक्त मोर्चा की ओर से एनके क्षेत्र के केडीएच परियोजना के वर्कशॉप, माईनिंग घर एवं परियोजना कार्यालय केडीएच के समक्ष सोमवार को गेट मीटिंग की गई। इस दौरान 11वें वेतन समझौता में हो रहे विलंब से नाराज केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे कोल इंडिया में नौ दिसंबर को विरोध प्रदर्शन की जानकारी दी गई। साथ ही इसे सफल बनाने के लिए कामगारों को अधिक से अधिक संख्या में महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष उपस्थित होने की अपील भी की गई। मीटिंग को प्रेम कुमार, अमर भूषण सिंह, सुनील कुमार सिंह, डीपी सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, शैलेश कुमार, बीएन पाण्डेय, ध्वजा राम



केडीएच में गेट मीटिंग के दौरान यूनियन पदाधिकारी एवं कामगार।

धोबी, रंथू उरांव, शैलेंद्र सिंह, पजू महतो, उदय सिंह, प्रमोद पाठक, मिथिलेश कुमार सिंह, तिला महतो, रमेश कुमार सिंह, राजेंद्र चौहान, कोलेश्वर मांझी, जगदीश चौहान आदि ने संबोधित किया। इधर, रोहिणी परियोजना में सेकेंड शिफ्ट में गेट मीटिंग की गई। जिसे संबोधित करते हुए एनसीओ सचिव वरुण कुमार गोराई और सीएमयू के ध्वजा राम धोबी ने कामगारों को बताया कि नौ दिसंबर को परियोजना कार्यालय में प्रदर्शन में सभी कामगार शामिल होकर शीर्ष नेतृत्व को बल प्रदान करेंगे। उसके बाद जुलूस की शक्ल में रोहिणी के तमाम कामगार एरिया कार्यालय जाएंगे। ध्वजा राम धोबी ने बताया कि मंगलवार को प्रथम पाली एवं जनरल शिफ्ट में एरिया के नेताओं द्वारा गेट मीटिंग की जाएगी।

## नौढ़ी राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य के रवैये से ग्राम शिक्षा समिति व अभिभावक परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** प्रखंड के नौढ़ी राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यकेतु नाथ मनीषी के रवैया से ग्राम शिक्षा समिति और बच्चों के अभिभावक काफी परेशान हैं। प्रधानाचार्य 12 वर्षों से विद्यालय में जमे हैं। ये प्रधानाचार्य ग्राम शिक्षा समिति को बिना बताए पूरा कामकाज अपनी मर्जी से करते हैं। प्रधानाचार्य पर विद्यालय के रंग रोगन और मिड-डे-मील खाने में पौष्टिक आहार नहीं देने का आरोप है। विद्यालय परिसर में कीमती पेड़ों को काट कर दो ट्रक लकड़ी भी बेचने का आरोप है। यही नहीं वे ग्राम शिक्षा समिति की बैठक में भी शामिल नहीं होते हैं। यहां के बच्चे भी खाने पीने की शिकायत करते हैं तो उन्हें डांटा फटकारा जाता है। खाने में हरी सब्जी नहीं दी जाती है। गांव वालों के साथ भी प्रधानाचार्य का व्यवहार ठीक नहीं



लिखित आवेदन तैयार करते ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य।

है। ग्राम शिक्षा समिति ने आचरण से नाराज होकर खूंटी डीसी के नाम पत्र भी लिखा है जिसकी प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी, तमाड़ विधायक, अड़की बीडीओ और जिला परिषद को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मंगलवार को देने का निर्णय लिया गया है। वहीं, छात्र-छात्राओं ने भी प्रधानाचार्य के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुदर्शन लोहरा, उपाध्यक्ष सपना देवी के अलावा सभी सदस्यों ने इसकी पुष्टि की है ।यहां कुल आठ टीचर है जिसमें से तीन पारा शिक्षक हैं। शिक्षकों के साथ भी प्रधानाचार्य का मनमुटाव जगजाहिर है।

## नौ को आहूत विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन असंगठित कमेटी की बैठक सोमवार को डकरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता चंदन शर्मा ने की। बैठक में यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान, संजय प्रसाद, मनोज कुमार उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से नौ दिसंबर को सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होने वाले विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आंदोलन करने की रूपरेखा पर विस्तार पुर्वक चर्चा किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कैसे हो इसके लिए भी उपस्थित यूनियन पदाधिकारियों ने विषेश रूप चर्चा की। बैठक में असंगठित क्षेत्र से अशोक राम, जितेंद्र सिंह, शिवप्रसाद मुखिया, अजित पांडे, महेश महतो, दिलीप राम, सूरज राम, बजरंगी कुमार, देव राम, पवन कुमार, पप्पू कुमार, महेश महतो अजित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मजदूरों की सैलरी स्लिप में त्रुटि से हो रही परेशानी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया में कार्यरत सीसीएल कर्मियो की सैलरी स्लीप में त्रुटि से काफी परेशानी हो गई है। मजदूरों के वेतन भुगतान को लेकर एक सैलेरी स्लीप दिया जाता है। जिसमें काफी त्रुटि पायी जा रही है जो परेसानी का सबब बना हुआ है। सेलेरी स्लीप में त्रुटि को लेकर विगत दिनों डकरा परियोजना में मजदूरों ने काम भी बंद कराया था। उस समय प्रबंधन ने आष्वासन दिया था कि इसे सुधार कर लिया जाएगा लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। श्रमिक नेता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दस माह से सैप के माध्यम से वेतन का भुगतान किया जा रहा है। अक्सर यह देखा जा रहा है अभी तक सही व समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है।

## विस्थापित प्रभावित एकता मंच ने मांग पूरी नहीं होने पर लिया चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** विस्थापित प्रभावित एकता मंच की ओर से आहूत अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन लगातार 12वां दिन भी जारी रहा। धरना पर बैठे मंच के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के उदासीन रवैए और सात सूत्री मांगों के निराकरण में विलंब होने पर सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ गहरी नाराजगी जाहिर की। कहा कि सीसीएल प्रबंधन हम ग्रामीणों को उद्देश्य से भटकाने का प्रयास कर अपना काम निकालना चाहता है, पर हम अपनी मांगों पर अडिग है। जब तक समाधान नहीं निकलता तबतक ग्रामीण आंदोलन करते रहेंगे। वहीं मांगे नहीं माने जाने पर सर्वसम्मति से चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। धरना में पूर्व मुखिया निर्मला उरांव, समाजसेवी मोनु रजक, वीरु सिंह, राजेंद्र प्रसाद, शाहिद अंसारी, नसीम अंसारी, रोशन लाल, अनिल प्रसाद गुप्ता, हसन अंसारी, कलाम रिजवी, जावेद अंसारी, मोनू सिंह, जुगेश्वर राम, नुरुदीन अंसारी, शौकत अंसारी, बबलू सिंह, कमलेश महली आदि थे।

## खूंटी में पांच दिवसीय स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभारंभ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उच्च न्यायालय रांची, झारखंड के निर्देश के आलोक में व्यवहार न्यायालय खूंटी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में सोमवार को पांच दिवसीय स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभारंभ हुआ, जो नौ दिसंबर तक चलेगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनेरंजन कुमार ने कहा कि विवादों को समझौते के आधार पर खत्म करने का यह अच्छा अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मध्यस्थता केंद्र व्यवहार न्यायालय में चल रहे स्पेशल मेडिएशन ड्राइव के तहत छह से नौ दिसंबर के बीच आकर विवादों को समाप्त कराएं व समय और अत्यधिक खर्च से बचें।

### कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

## रवि मिश्रा के अनुभव का संगठन को मिलेगा लाभ: कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सोमवार को निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और पूर्व जिलाध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने बुके देकर नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया। अपने संबोधन में पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि रवि मिश्रा कांग्रेस के पुराने



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा व अन्य कार्यकर्ता।

कार्यकर्ता हैं। उन्हें संगठन का अनुभव भी है। इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। कहा कि नव नियुक्त जिलाध्यक्ष के नुतृत्व में खूंटी जिले में कांग्रेस और मजबूत होगी। इस मौके पर खूंटी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मरियम आईद, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष विनायक राय, रनिया प्रखंड अध्यक्ष जॉन कांडुलना, अड़की प्रखंड अध्यक्ष बसंत, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष पौलुस पूर्ति, सयूम अंसारी, नईमउद्दीन खान, मदन मिश्रा, रविकांत मिश्रा, सुशील सांगा, बैजनाथ, प्रदीप देवघरिय, विल्सन टोपनो, देवजीत देवघरिया सहित अन्य कार्यकताओं ने रवि मिश्रा को बधाई दी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सुखाड़ राहत के तहत हर किसान परिवार को मिलेंगे 35 हजार रुपये

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सुखाड़ राहत के तहत हर किसान परिवार को 35 हजार रुपये मिलेंगे। इसके लिए सभी प्रखंडों में किसानों का ई केवचाइसी किया जा रहा है। किसानों को राहत देने के लिए जिले में बिरसा फसल विस्तार योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा सभी प्रखंडों में बीजों का वितरण किया जा रहा है। बिरसा फसल विस्तार योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत लैंपस के माध्यम से किसानों को 90 फीसदी अनुदान पर चने का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं शत-प्रतिशत अनुदान पर सरसों के बीज कृषकों को दिये जा रहे हैं। किसानों को अफीम की खेती छोड़ कर दलहन, तेलहन आदि की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को मुख्यमंत्री सुखाड राहत योजना, उद्यान विभाग, कृषि ऋण माफी योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, टपक सिंचाई योजना, ब्लॉक चैन में पंजीकरण कराने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को लाभान्वित कराने के लिए किसानों का ई-केवाइसी कराने की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त आवेदनों के आलोक में संबंधित किसान को प्रज्ञा केंद्रों पर जाकर ई-केवाइसी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## मुरहू में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नेत्र बसंत ग्रामीण स्वास्थ्य परियोजना के तहत साइटसेवर्स इंडिया एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में एसजीवीएस अस्पताल द्वारा सोमवार को मुरहू पंचायत सचिवालय में नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर के साथ ही जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुरहू की मुखिया ज्योति डोडराय और सामाजिक कार्यकर्ता बबलू खान ने संयुक्त रूप से किया। घंटों चले स्वास्थ्य शिविर में आंख और दांत के 112 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई। नेत्र रोगियों की जांच के बाद 34 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिनका ऑपेरशन एसजीवीएस अस्पताल में मंगलवार को डॉ दीपक और शुक्रवार को डॉ सैमुएल अमन द्वारा किया जाएगा। शिविर में मरीजों के बीच दवाओं का भी वितरण गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ अभिषेक रंजन, दंत विशेषज्ञ डॉ रानी सिंह, विजन टेक्नीशियन राखी, लेब टेक्नीशियन सुधा पूर्ती, संजय बोदरा, हिस्सी, रेशमा आदि उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में पंचायत समिति सदस्य रोशनलाल गंझू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में खलारी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड का जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 का सोमवार को रांची फुटबॉल स्टेडियम में संपन्न हुआ। इसमें खलारी प्रखंड से वर्षा कुमारी राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय चार सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लक्ष्मी कुमारी राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय ने 600 मीटर दौड़ में तीसरे स्थान पर रही। फिरदौस अंसारी राजकीय मध्य विद्यालय पुरनीराय ने लम्बी कूद में दूसरा स्थान और राहुल कुमार ने उंची कूद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावे अन्य विद्यालयों के प्रतिभागी नमन कुमार, रुपेश मुंडा, सन्नी कुमार, आनंद अलविन कंदिर, विकास कुमार यादव, मध्य विद्यालय हुटाप, रवि मुंडा, मध्य विद्यालय अम्बा टोंगरी, रीमा कुमारी मध्य विद्यालय महाबीर नगर आदि ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खलारी से शिक्षक प्रतिनिधि में सुधीर सिंह, रंजीत केसरी, रंथु साहू, नन्द कुमार, सोना लाल महतो, विकेश कुमार आदि ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीत तुमांग पंचायत टीम बनी प्रखंड चैंपियन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा क्लब गुलजारबाग खेल मैदान में खेले जा रहे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में तुमांग पंचायत की टीम ने सोमवार को फाइलन मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए प्रखंड चैंपियन का खिताब जीत लिया। इस दिन प्रतियोगता का फाइनल मुकाबला हुटाप पंचायत एवं तुमांग पंचायत की टीम के बीच खेला गया। जिसमें बेहतर खेल के दमपर तुमांग की टीम ने 2-1 गोल के अंतर से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच तुमांग पंचायत टीम के आयुश कुमार रहे। वहीं फाइनल मैच से पूर्व प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच तुमांग पंचायत बनाम बुकबुका पंचायत टीम के बीच हुआ। जिसमें तुमांग पंचायत की टीम ने 2-0 गोल से जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची थी। वहीं, विजेता और उपविजेता टीम को खलारी बीडीओ लेखराज नाग, सीओ शिशुपाल आर्य आदि ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। बीडीओ लेखराज नाग ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रतियोगिता में सभी मैच खेल भावना के साथ खेले गए। उन्होंने तुमांग की टीम से उम्मीद जतायी की टीम जिला स्तर पर भी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खलारी प्रखंड का नाम रौशन करेगी। फाइनल मैच में फील्ड सहायक के रूप में विजय गोप एवं रवि कुमार थे। रेफरी की भूमिका बंटी सिंह, अरुण उरांव एवं उनकी टीम के अलावा दोनों मैच में कॉमेंटेटर के रूप में सागर राम थे। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक 15 वित्त असित कुमार, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, खलारी पंचायत समिति सदस्य किरण तिर्की, बुकबुका पंचायत मुखिया पारसनाथ उरांव, चूरी दक्षिणी की मुखिया मलका मुंडा, तुमांग के मुखिया संतोष कुमार महली, हुटाप के मुखिया शिवरथ मुंडा, लपरा की मुखिया पुतुल देवी, पंसस तुमांग पंचायत सहदेव महली, पंसस खलारी किरण तिर्की, शिक्षक अनुज गुप्ता, शिक्षक सुनील मिंज, कुलदीप एक्का, चिकित्सा टीम के राजकुमार आदि उपस्थित थे।

# नये लुक की पल्सर बाइक लांच की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग के देवी मंडप के समीप सोमवार को मिलिनियम बजाज शोरूम द्वारा बजाज के नये लुक की पल्सर बाइक लांच की गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के सुपर स्टार आधुनिक नागपुरी के गायक पवन कुमार रॉय एवं अशोक कुमार गुंजन द्वारा सामूहिक रूप से नए लुक के बाइक से कपड़ा हटाकर लांच किया गया। मौके पर पवन कुमार रॉय ने कहा कि बाइक का मॉडल देखकर लग रहा है कि इसमें थकान नहीं होगा। वही युवाओं को इसका लुक बहुत पसंद आयेगा। संचालक जफीर आलम व तनवीर आलम ने बताया कि पल्सर पी 150 टीडी एकदम हल्का बाइक है। इससे लंबा सफर करने में कोई भी थकान नही होगा।साथ ही बताया कि 150 सीसी बाइक का शोरूम रेट मात्र एक लाख 43 हजार रुपये है। इस दौरान लोगो को मिठाई खिलाकर नए बाइक के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर मो साहिल, राजु महतो, सौरभ खन्ना, दुर्गा उरांव, राहुल, बबलू, हसीब, फैजान समेत कई लोग मौजूद थे।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** ओडीए रांची एवं जसकोलंपफ के सहयोग से प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली ग्राम के दस युवकों का लाह की खेती का भारतीय राल एवं गोंद संस्थान नामकुम में पांच दिवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में लाह कीट, पोषक वृक्ष, खेती आदि के विषय में जानकारी दी गई। जिससे लाह की खेती से ग्रामीणों का आय सृजन हो सके। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से रोशन केरकेट्टा, सागर गोप, अनिल ओरांव, गोबरा ओरांव, सुनील मुंडा तथा चरवा उरांव प्रमुख है।

# रेलवे ट्रैक के पास मिला छात्रा का शव



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मिलिट्री डेरी फार्म के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे छात्रा का शव सोमवार दोपहर पुलिस ने बरामद किया। युवती की पहचान मोराबादी कुसुम विहार रोड नं 9 निवासी विजय राम की पुत्री पल्लवी कुमारी (21) के रुप में की गयी है। पल्लवी बीआईटी मेसरा की छात्रा थी। पल्लवी का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा था। उसके सर में गंभीर चोट के निशान थे, जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गयी थी। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने देर शाम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया है। इधर परिजनों द्वारा अज्ञात पर हत्या करने की बात कही जा रही है।

## आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के शिक्षकों को पासवा ने किया सम्मानित

# शिक्षक के बिना भविष्य की कल्पना मुश्किल: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षकों को पासवा ने सम्मानित किया। रांची यूनिवर्सिटी स्थित दीक्षांत मंडप में पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामल अहमद रिनपास निदेशक डॉक्टर जयंती सिमलय एलआर सैनी ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षक के बिना भविष्य का कल्पना कर पाना बहुत मुश्किल है। हमने कहा कि जिस तरह से कुम्हार गीली मिट्टी से सुंदर आकार की चीजें बनाती है जो देखने लायक होती है, उसी प्रकार शिक्षक भी बच्चों को पढ़ा कर उसके भविष्य को गढ़ने का काम करते हैं। हमें निजी विद्यालय एवं उनके शिक्षकों को प्रोत्साहन करने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी को ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए डॉ रामेश्वर उरांव ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।




### इनको किया गया सम्मानित

साथ ही साथ स्कूल के सभी सहायक शिक्षकों को भी उन्होंने मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बुद्ददेव उरांव, कलीमुल्लाह अंसारी, सद्दाम हुसैन मेराज अंसारी,दिलीप महतो, अतिउर रहमान खान, संजय भगत इझारुल अंसारी, अजमेरी खातून, शमा रानी, सोनाली उरांव, पुनीता कुमारी, अनिता कुमारी हैं।

## रातू बड़काटोली में झामुमो पंचायत समिति का गठन

# कुर्बान अंसारी अध्यक्ष और सचिव बने सुजीत तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के बड़काटोली पंचायत में सोमवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कुर्बान अंसारी को अध्यक्ष व सुमित तिर्की को सचिव चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष बबलू ऊरॉव, कोषाध्यक्ष बसंत उरांव, संगठन सचिव ऐनुल अंसारी को बनाया गया।वही आनंद कुमार गुप्ता, अनिल उरांव ,अमन अंसारी, सोनू अंसारी, आसिफ रजा, सोलोक नागाची, विपिन खलखो, अनूप नायक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, ग्राम प्रधान देबिया उरांव, अनिल उरांव, रिंकू अंसारी, जाबिर अंसारी, सुनील उरांव, फगुआ उरांव, शमशाद अंसारी, अनूप नायक, भादवा ऊरॉव एवं दर्जनो पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अधिवक्ता उदय कुमार को दिया गया फेयरवेल

**गुमला।** बार एसोसिएशन गुमला के आम सभा की बैठक अध्यक्ष अगन गिध्वार उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सिविल कोर्ट गुमला के वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिंह के सेवा निवृत होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि उदय कुमार सिंह 1977 में गुमला बार एसोसिएशन में जॉइन किये थे। 45 वर्ष इन्होंने वकालत में सेवा दिया। और स्वतः गुमला बार एसोसिएशन से रिटायरमेंट का आवेदन दिया। बार को उन्होने जानकारी दी कि वे स्टेट बार काउंसिल में पेंशन के लिये भी आवेदन कर चुके हैं। तदोपरांत बार एसोसिएशन गुमला की ओर से उन्हें साठ हजार रुपया का चेक, बुके, शॉल, छाता देकर भावपूर्ण विदाई दी गई। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अगन गिध्वार उरांव,सचिव ओम प्रकाश (बाबूलाल ) वरीय अधिवक्ता निजाम चौधरी, दिमस टोप्पो,खुर्शीद आलम आदि ने भावपूर्ण संबोधन कर विदाई समारोह को संपन्न किये।

## रातू झखराटांड़ के शीलबंद गोदाम का खोला ताला

# डीएसओ ने जतायी चावल की हेराफेरी की आशंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ स्थित एक शीलबंद गोदाम का ताला सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार की मौजूदगी में खोला गया। गोदाम (एस के ट्रेडिंग) सुरेंद्र कुमार गुप्ता का बताया जा रहा है। गोदाम में हजारों बैग चावल, गेंहू व सरसो का दाना रखा मिला। ज्ञात हो कि गोदाम में भारी मात्रा में पीडीएस चावल होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद 30 नवंबर को डीएसओ ने गोदाम को शील कर दिया था। गोदाम की जांच करने पहुंचे। इस दौरान गोदाम में सैकड़ो बैग चावल, सरसो व गेंहू रखा गया था। जांच के उपरांत पीडीएस चावल की कालाबजारी व शील बंद गोदाम में बोरे की हेराफेरी की आशंका जताते हुए उन्होंने सैंपल के लिए कुछ चावल अपने साथ ले गये। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नही है।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के कवाली फुटबॉल मैदान में सोमवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ मैच में बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। जिन्होंने फुटबॉल पर किक मारकर व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। पहला मैच लालखटंगा बनाम सिल्वे के बीच खेला गया। जिसमें सिल्वे की टीम 1 गोल से विजयी रही। टूर्नामेंट में पहला दिन कुल 9 मैच खेला गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप, नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, पूर्वी क्षेत्र जिप सदस्य विपिन टोप्पो, नामकुम प्रखंड उपप्रमुख वीणा देवी, प्रखंड एलईओ रेनू कुमारी, डुंगरी मुखिया जिता कच्छप, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, आरा मुखिया नीता कच्छप, सिदरोल मुखिया लक्ष्मी कुमारी, कवाली ग्रामप्रधान गंगा लकड़ा, हुवांगुहातू मुखिया विवेक मुंडा, लाली मुखिया विरेन टोपनो, आरा पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, मुक्तिनाथ मिश्रा एवं इस टूर्नामेंट के संचालन में खेल विभाग के खेल प्रशिक्षक गोपाल तिर्की उपस्थित थे।

## अनगड़ा में चोरों का दुस्साहस, घर के सामने खड़ी गाड़ी से बैटरी की चोरी

# गोंदलीपोखर बन रहा अपराधियों का अड्डा, क्षेत्र में भय का माहौल: मुस्तफा अंसारी

> विगत दिनों गोंदलीपोखर मे हुई अपराधिक घटना को एक ट्रेलर बताते हुए मुस्तफा अंसारी ने कहा कि स्थानीय पुलिस को इस घटना को काफी गंभीरता से लेना चाहिए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र मे इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। चोर हर रोज कहीं ना कहीं चोरी की छोटी-मोटी घटना को अंजाम दे रहे हैं। बताया जाता है कि चोरी के अधिकांश मामलों मे पीड़ित पक्ष थाने मे रपट नहीं लिखाते हैं जिससे चोरों का मनोबल काफी बढ़ गया है। सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने हेसल गांव मे चोरी की घटना को अंजाम देते हुए घर के सामने खड़ी दो ट्रैक्टर एवं एक जेसीबी मशीन से बैटरी को गायब कर दिया। इससे पहले भी चोरों द्वारा हेसल गांव सहित आसपास के अन्य गांव मे दर्जनों वाहनों के बैटरी एवं अन्य उपकरण गायब कर दिये गये थे। सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने आये दिन हो रही चोरी की घटना पर चिंता जाहिर की है तथा पुलिस प्रशासन से चोरी की घटना पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने पुलिस को अगाह करते हुए कहा कि इन दिनों गोंदलीपोखर इलाका अपराधिक प्रवृति के लोगों का अडा बनता जा रहा है। हर दिन नए और संदिग्ध चेहरे क्षेत्र मे नजर आ रहे हैं इससे क्षेत्र मे भय का माहौल है। कभी भी खुन-खराबे की आशंका से क्षेत्र के लोग काफी डरे-सहमे हैं। विगत दिनों गोंदलीपोखर मे हुई अपराधिक घटना को एक ट्रेलर बताते हुए मुस्तफा अंसारी ने कहा कि स्थानीय पुलिस को इस घटना को काफी गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने स्थानीय पुलिस से ऐसे संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखने तथा सख्त कारवाई करने का आग्रह किया ताकि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बरकरार रहे।

## आक्रोश : पीड़ित छात्रा के परिजनों, महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना

# पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों का बचाव नहीं कर अविलंब कारवाई करे: राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित सेक्रेड मिशन स्कूल के निदेशक सुरेश्वरी महतो को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सोमवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने पीड़ित छात्रा के परिजनों, ग्रामीण महिलाओं और जनप्रतिनिधियों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन बीडीओ नूतन कुमारी और सीओ संतोष कुमार शुक्ला को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन कर रहे लोग आरोपी सुरेश्वरी महतो को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। मौके पर उपस्थित खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों का बचाव नहीं कर अविलंब कारवाई करें। पुलिस प्रशासन की सुश्ती से हि आरोपी इतने दिनों से गिरफ्तार नहीं हो सका है। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा पुलिस प्रशासन आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित कर रही है। नगड़ी जिला परिषद सदस्य पुनम देवी ने कहा हम जनप्रतिनिधि पीड़ित नाबालिग छात्रा के साथ न्याय की मांग शांति पूर्ण तरीके से कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन हमलोगो पर ही 107 के तहत केस दर्ज कर हमें डराने का प्रयास कर रही है।




### इन्होंने किया संबोधित

धरना प्रदर्शन को इटकी जिला परिषद सदस्य रीना देवी, ओरमांझी जिला परिषद सदस्य कमिश्ननर मुंडा, मांडर जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत लापुग जिला परिषद हिंदीया, चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, मांडर जिला परिषद सदस्य, नगड़ी प्रखंड उप प्रमुख अफसाना परवीन, समाजसेवी बजरंग महतो नगड़ी पंचायत समिति सदस्य शीला देवी नारो पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी चेटे पंचायत समिति सदस्य दुर्गी पूर्ति, बलालोंग पंचायत समिति सदस्य सोमनाथ तिर्की, साहेर पंचायत समिति सदस्य गुलरेज अंसारी, यासिन अंसारी, ऐनुल हक,आमया के एस अली ने भी संबोधित किया। ज्ञातव्य है कि नगड़ी स्थित सेक्रेड मिशन स्कूल के निदेशक सुरेश्वरी महतो द्वारा अपने स्कूल के ही एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का प्रयास और मारपीट करने को लेकर नगड़ी थाना में 22 नवंबर को छात्रा के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के तेरह दिन बाद भी अब तक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। इधर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा नगड़ी इकाई के पदाधिकारियों ने नगड़ी थाना प्रभारी से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

## विधायक राजेश कच्छप ने मृतक के परिजनों की आर्थिक मदद की



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। राजाडेरा पंचायत के बाधायी ग्राम निवासी चेंपिया देवी की मृत्यु विगत दिनों लंबी बीमारी की वजह से हो गई थी। सूचना पाकर विधायक राजेश कच्छप ने इस गरीब परिवार की सुधि ली तथा मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्यान एवं नकद आर्थिक मदद उपलब्ध कराया। सोमवार को विधायक के निर्देश पर वन विभाग के विधायक प्रतिनिधि सिद्धिक अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए विधायक द्वारा उपलब्ध कराए गए खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक मदद परिजनों को सौंपा। मौके पर पंचायत अध्यक्ष अभिराम मुण्डा, खीरू उरांव, पंसस जानकी देवी, मनीष महतो, शंकर सिंह, धीरज महतो, परिजन दिव्यंजन सिंह, शिवचरण सिंह, आशीर्वाद सिंह आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने मुख्यमंत्री के संभावित पलामू दौरे को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर** । पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को मुख्यमंत्री का संभावित पलामू भ्रमण को लेकर बीडीओ-सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, पशुधन, सर्वजन पेंशन, केसीसी, सुखाड़ राहत,



विभिन्न प्रकारों के छात्रवृत्ति समेत मनरेगा संबंधित योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में किशोरी समृद्धि योजना के आवेदनों को तेज गति से निष्पादन हेतु निर्देशित किया। इसी तरह उन्होंने कल्याण पदाधिकारी को सभी प्रकार की छात्रवृत्ति का भुगतान शिक्षा विभाग से समन्वय बनाते हुए करने पर बल दिया साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिकाधिक आवेदन जेनरेट करने एवं प्राथमिकता के आधार पर सभी आवेदनों का निष्पादन करने पर बल दिया। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभुकों की भी जानकारी ली साथ ही पशुधन योजना की भी समीक्षा की। इसी तरह उन्होंने मनरेगा, सुखाड़ राहत योजना, पर्यटन संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जरूरत मंदो के बीच कल किया जाएगा वस्त्र का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर** । आदि गुरु दत्तात्रेय जी की जयंती पर प्रेरणा परमार्थ आश्रम की रेहला शाखा की ओर से जरूरतमंदों के बीच 7 और 8 दिसंबर को वस्त्र वितरण का आयोजन किया जाएगा। प्रेरणा परमार्थ आश्रम के श्रद्धेय भैया जी के निर्देशन में 7 दिसंबर को रेहला रेलवे ओवर ब्रिज स्थित शिव अवतार ट्रेडर्स में 500 जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया जाएगा। जबकि लातेहार के महुआडांड़ में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की सोहर पाट शाखा में 2000 जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया जाएगा। रेहला शिव अवतार ट्रेडर्स में 7 दिसंबर को 9:30 आदि गुरु दत्तात्रेय जी का पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके बाद 10:30 से वस्त्र वितरण कार्यक्रम प्रारंभ होगा। प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रंजीत सिंह ने आश्रम के सभी अनुयायियों एवं बुद्धिजीवी नागरिकों से भी सादर अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में यथा समय उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान सहयोग दें ।

## हुसैनाबाद के बेदौलीया सरकारी स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** । हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह पंचायत के बेदौलीया सरकारी बिद्यालय विद्यालय के प्रांगण से स्कूल के बच्चे को सुरक्षित वाहन के द्वारा पोलडीह पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया पति अशोक यादव ने विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए शेरशाह मकबरा के लिए रवाना किया। पुनः ब्लौक रोड बीआरसी,हुसैनाबाद के निकट इस बाल शैक्षणिक रथ को हरी झंडी दिखाकर उर्दू मध्य विद्यालय



हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सुनील कुमार,अजाप्ता के राज्य प्रतिनिधि अंगद किशोर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श अखिलेश कुमार एवं प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर भ्रमण हेतु सुरक्षित वाहन को रवाना किया और तमाम विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी।इस भ्रमण के लिए छठी सातवीं और आठवीं कक्षा के कुल 51 छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया। मौके पर एनएमओपीएस हैदरनगर के मीडिया प्रभारी हरीश चंद्र कुमार द्विवेदी,संकुल साधन सेवी रामकिशुन भगत, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, दिग्विजय सिंह, रामनाथ राम, मोहम्मद सरवर आलम आदि मौजूद थे।

## जो राष्ट्र भक्त नहीं, वह प्रभु भक्त नहीं हो सकता : हेमलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर** । नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी रेडमा के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन मथुरा से पधारीं अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुख से सभी भगवत प्रेमियों ने भगवान बालकृष्ण की अनेकानेक लीलाओं का रसपान किया। भागवत कथा के पांचवे दिन उन्होंने बताया की भगवान श्री कृष्ण ने माखन लीला से लेकर सभी को कंस के कर्ज से मुक्त किया।ब्रज की रक्षा हेतु भगवान ने गिरिराज जी को धारण किया और



इंद्र के कोप से बचाया, इंद्र का मान मर्दन किया।उन्होंने कथा के मध्य में कहा कि ठठइस लिए हम सबको राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए। इस दौरान सुंदर झांकी के साथ भारत माता की झांकी निकाली गई।आयोजक समिति द्वारा भारत माता का पूजन व देवी जी को पगड़ी और तलवार भेंट किया गया। इस दौरान मुझे चढ़ गया भगवा रंग मेरा रंग दे बसंती चोला,हो जाओ तैयार साथियों,उठो घर-घर नाथ बजा दो इन सभी भजनों के माध्यम से भक्तों तक राष्ट्र का संदेश पहुंचाया। इसके पूर्व श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस को मुख्य अतिथि के रुप में सनातन धर्म के रक्षक राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के मार्गदर्शक अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय), शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग चिकित्सक डा संजय पांडेय सपत्नीक व सत्येन्द्र तिवारी ने धर्मपत्नी सीमा तिवारी के साथ भागवत आरती में भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा,युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह भागवत कथा समिति के संगठन मंत्री संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी)युवा वाहिनी के प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, संरक्षक राकेश पांडेय, ब्रजेश तिवारी प्रमंडलीय अध्यक्ष लललू पांडेय, कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, दिलीप पांडेय, मृत्युंजय तिवारी छोटू, विष्णु तिवारी, सतीश तिवारी व विशाल दूबे, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।इसके पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेका त्रिपाठी ने दोपहर की आरती में भाग लिया।

## शहर क्षेत्र में हुई चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन, कई सामान बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर** । पिछले महीने सुदना के पंचवटी मुहल्ले के विनय शंकर प्रसाद के यहां हुई चोरी का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि पलामू एसपी को गुप्त सूचना के आधार पर अनुसंधान के क्रम में साहित्य समाज चौक डोम टोली निवासी आकाश कुमार से गहन पूछताछ के बाद इस कांड में अपनी



संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य सहयोगियों के इस घटना के अतिरिक्त शहर थाना में 26 नवंबर को आशीष तिवारी के बयान पर कांड दर्ज किया गया था। उसमें भी अपनी संलिप्तता की बात इसके द्वारा स्वीकार किया गया है। इसके निशान देही पर कांड में चोरी मोबाईल को बरामद किया गया तथा संलिप्त अन्य अपराधियों के निशान देही पर चोरी गए सामानों की बरामदगी शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज न्यू एरिया के श्रवण कुमार के यहां से की गई है। पकड़े गए युवकों के अलाव चोरी का सामन खरीदने के आरोप में श्रवण कुमार की गिरफ्तारी की गई है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

चोरी करने के आरोप में साहित्य समाज चौक निवासी छोटू चन्द्रवंशी, हमीदगंज न्यू एरिया निवासी श्रवण कुमार, डोम टोली के कुन्दन कुमार, आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से रेडमी का मोबाईल, दो लैपटॉप, दो जोडा कंगन, एक जोड़ा टांप, एक जोड़ा झुमका, एक जोड़ा अगूंठी, चार पीस पायल, एक पीस चांदी का बेड़ा बरामद किया गया।

### कांड के उद्भेदन में रही इनकी भूमिका

शहर थाना क्षेत्र में हुई चोरी के उद्भेदन में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, जितेंद्र कुमार, नबी अंसारी, राकेश कुमार सिंह, संतन कुमार मेहता, श्रवण यादव, नवलेश कुमार शर्मा, संदेह पाल, प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

## ट्रक चालक के साथ मारपीट की घटना को लेकर 8 नामजद व 50 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** ।शनिवार की रात पशु लदे ट्रक चालक के साथ मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी मारपीट व सरकारी कार्यो में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के एसआई जिम्मी हांसदा ने बताया कि वर्तमान मे प्रभार के रूप में हुसैनाबाद थाना प्रभारी हूं। शनिवार की रात करीब 8:30 बजे सूचना मिली की जपला रेलवे क्रासिंग के समीप कुछ स्थानीय लोगों की भीड़ मवेशी लदे चालक के साथ मारपीट कर मॉब लिंचिंग कर रहे है,इसकी सूचना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश को दी, तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर इसकी घटना की सत्यापन के लिए थाना के एएसआई सीता राम व पुलिस के कई जवानों को घटनास्थल पर पहुंचे, तो देखा कि ट्रक चालक के साथ मारपीट की जा रही थी। वहीं कुछ लोग ट्रक को क्षतिग्रस्त कर रहे थे, बीच बचाओ करने पर लोगों ने पुलिस के साथ मारपीट व गाली गलौज करने लगे, पुलिस के मना करने के बाबजूद भी रोड जाम कर सरकारी कार्य मे बाधा डाला गया।

## विस्थापित रैयतों ने उचित मुआवजे सहित कई अन्य मांगों को लेकर धरना पर बैठे

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू** । फोरलेन प्रोजेक्ट के विस्थापित रैयतों ने उचित मुआवजे सहित कई मांगों को लेकर एनएच 98 ढाब बस स्टैंड मेन रोड स्थित सोमवार को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे। आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन के माध्यम से रैयतों ने जमीन एवं मकान का उचित मुआवजा, त्रुटिपूर्ण मापी और जिन रैयत का नाम थ्री डी में नहीं है उसका अविलंब सुधार कराने,वैसे रैयत जिनका जमीन एवं मकान दूसरे जगह नही है उन्हे जमीन और आवास देने,ग्राम सेमरबार,ढाब खुर्द उर्फ




चौखटवा में अंडर पास का निर्माण कराने, मुआवजा ले रहे रैयतों से 5 व 10 प्रसेंट कमीशनखोरी बन्द कराने तथा शिवालाया कंट्रवशन कम्पनी के कार्य में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने की डीसी पलामू से मांग की है। इस मौके पर धरना कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सेमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, राजद नेता कमलेश कुमार यादव ,समाजसेवी अनिल पासवान सहित कई वक्ताओं ने उक्त मांगों को अविलंब पूरा करने पर जोर दिया। कहा कि रैयतों की सभी मांगों को तत्काल पुरा नहीं किया गया तो विवश होकर आंदोलन को और तेज करते हुए आमरण अनशन पर बैठेंगे। मौके पर कार्यक्रम में ढाब कला, ढाब खुर्द, बिजनीबार, चंदा, सेमरबार, कौवाखोह आदि गावों के दर्जनों ग्रामीण रैयत उपस्थित थे। मालुम होता कि इसके पहले भी रैयतों द्वारा अपनी मांगों को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं।

## कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सड़ेयां और मोहम्मदाबाद ने जीता अपना मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** । हुसैनाबाद शहर के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को मोहम्मदाबाद बनाम झरगड़ा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिला। दोनों टीमों ने भरपूर प्रयास किया और मध्यांतर के बाद झरगाड़ा ने गोल कर बढत बना लिया। लेकिन मोहम्मदाबाद भी ने अपना बेहतरीन खेल दिखाया और लागातार दो गोल करके 1झ2 से इस मैच को जीतने में सफल रहीं। दूसरे मुकाबले में हीरा सिकनी का सामना टूनामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं सड़ेया के साथ हुआ जिसमें सड़ेया ने रोमांचक मुकाबले में हीरा सिकनी



को 2-0 से हरा दिया। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि डंडीला पंचायत के मुखिया मंजू देवी और महुअरी पंचायत के भुत पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी बेहतर खेल के बदौलत हुसैनाबाद का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर सकते हैं। वहीं क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ0 संजय कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद पूरी तरह फुटबॉल के रंग में डूबा हुआ है ,क्लब कार्यालय में अभी भी कई पंचायत के लोग इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संपर्क कर रहे हैं लेकिन स्थान खाली नहीं होने के कारण इस प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जा रहा है। आप सभी नौजवानों का प्यार दुलार इसी प्रकार मिलता रहा तो भविष्य में यहां के स्थानीय खिलाड़ीयों और बाहर के बेहतरीन टीमों के बीच भी मैच करवाया जाएगा। मौके पर क्लब के अध्यक्ष माणिक चंद्र सिंह, उपाध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान, भोला पासवान, युगेश राजवंशी,डबल सिंह, सत्यनारायण यादव, सगीर अहमद, सुदय सिंह, विनय सिंह, गुड्डू जी, प्रह्लाद ठाकुर समेत काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए लांस मॉरिस और माइकल नेसर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

## टी-20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम घोषित

**मुंबई।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ आगामी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और उसके बाद होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को सौंपी गई है। श्वेता सेहरावत उप-कप्तान होंगी। भारतीय अंडर-19 टीम दक्षिणा अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगी, जिसके मैच 27,29,31,02 और 04 जनवरी को खेले जाएंगे। इसके बाद टीम विश्व कप में हिस्सा लेगी। आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला संस्करण दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत को दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स राउंड में आगे बढ़ेंगी, जहाँ टीमों को छह के दो समूहों में रखा जाएगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें फिर सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 27 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम में जेबी मार्क्स ओवल में खेला जाएगा। फाइनल 29 जनवरी को इसी मैदान पर खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम इस प्रकार हैः शैफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेहदिया, हर्ले गाला, हर्षिता बसु (विकेटकीपर), सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पार्शवी चोपड़ा, तीता साधु, फलक नाज, शबनम एमडी, शिखा, नजला सीएमसी, यशश्री। आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम - शैफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेहदिया, हर्ले गाला, हर्षिता बसु (विकेटकीपर) , सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पार्शवी चोपड़ा, तीता साधु, फलक नाज, शबनम एमडी।

## पैरा सेटिंग थ्रोबॉल में जीत कर आने वाले खिलाड़ियों का झारखंड में किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची** । दिनांक 5/12/2022 को रांची रेलवे जंक्शन पर सभी खिलाड़ी पहुंचे परंतु इन खिलाड़ियों को रिसीव करने के लिए स्वागत करने के लिए कोई भी अधिकारी या राजनेता उपस्थित नहीं हुए और न मंत्री, खेल विभाग के कोई पदाधिकारी और ना ही कोई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। इससे निराश हो कर सभी खिलाड़ी अपने से ऑटो रिक्शा रिजर्व कर राजभवन के समीप पिछले 10 दिनों से दिव्यांग जनों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है वहां पर पहुंच



गए क्यों की धरना में होने के कारण रेलवे स्टेशन नहीं जा पाए, जब सभी खिलाड़ी धरना का समर्थन करने पहुंचे तो वहां पर मौजूद संस्था के सचिव मुकेश कंचन, झारखंड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सरिता सिन्हा, झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के संयोजक कोरियो कुमार ने धरना स्थल पर सम्मानित किया एवं अन्य दिव्यांग जन भी वहां जाने के बाद सभी दिव्यांग खिलाड़ियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किए जहां पर धरना चल रहे। उसके बाद सभी खिलाड़ी धरना के समर्थन में बैठ गया।

विभाग के निदेशक हुए शामिल, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना संबंधित अन्य योजनाओं का विस्तार से दी जानकारी

# सरकारी योजनाओं से कराएं लोगों को अवगत, दिलाएं लाभ: शशिप्रकाश

**कृषि, पशुपालन, गव्य एवं सहकारिता विभाग की ओर से सिटी कॉलेज सभागार में एक दिवसीय मुखिया उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विभागीय निदेशक शशि प्रकास झा व अन्य।

**बोकारो।** कृषि, पशुपालन, गव्य एवं सहकारिता विभाग की ओर सोमवार को एक दिवसीय मुखिया उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विभागीय निदेशक शशिप्रकाश झा, चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी, निदेशालय से पहुंचे डॉ अखिलेश कुमार, डॉ सैमसन संजय टोप्पो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मणि आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सभी पंचायतों के मुखिया, प्रखंड प्रमुख, जेएसएलपीएस की समूह की दीदीयां और पशु सखी आदि उपस्थित थे। पशुपालन विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने नव निर्वाचित मुखिया प्रमुख आदि को उनके कर्तव्य व जिम्मेदारी के संबंध में बताया। कहा कि आप सबों से पंचायत/प्रखंड की जनता की काफी आकांक्षाएं हैं। राज्य सरकार द्वारा आमजनों के कल्याण के लिए 300 से ज्यादा योजनाएं संचालित हैं। लेकिन आम जनों को योजनाओं की जानकारी/जागरूकता नहीं रहने के कारण कई बार वह योजनाओं का लाभ लेने से वह वंचित रह जाते हैं। ऐसे में आप सबों का और अहम रोल हो जाता हैं। योजनाओं से आम जनों को जागरूक करें और उन्हें लाभ दिलाएं। इसीलिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने प्रतिनिधियों को प्रेस्टिज शब्द के एक-एक अक्षर से आम जनों की आकांक्षा/उम्मीद के संबंध में विस्तार से बताया। कहा कि यह शब्द जन प्रतिनिधियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। वहीं, पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के संबंध में निदेशक ने विस्तार से जानकारी दी। कहा कि इस बार सरकार ने पशुपालकों को समृद्ध बनाने और उनके आय में वृद्धि के लिए अनुदान राशि को 75 से 90 फीसदी तक बढ़ा दिया है। सराकर ने योजना के लक्ष्य को भी बढ़ाने का निर्णय लिया है। वर्तमान लक्ष्य को पूरा करने के बाद, प्रतिक्षा सूची से आगे के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। कहा कि पशुपालकों की सुविधा के लिए बीमा दर को भी कम किया गया है। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण को अवश्य बताया है। कहा कि पर्याप्त मात्रा में जिले में टीका का खुराक उपलब्ध कराया गया है। पंचायतों में वृहद पैमाने पर पशुपालन की योजनाओं और उसमें सरकार द्वारा 50 फीसद अनुदान की जानकारी एवं प्रक्रिया को साझा किया। वहीं, चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पशुपालन की सभी योजनाएं काफी लाभकारी हैं। इन योजनाओं से जुड़कर किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्हें रोजगार का भी अवसर मिलेगा। वहीं, जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी ने पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी लेकर क्षेत्र में लोगों को बताने और ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ लेने की बात कहीं। कार्यशाला में गव्य, कृषि, सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भी संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ अजय कुमार, डॉ ललिता कुमारी, डॉ अखिलेश कुमार, अविनाश कुमार, हरे कृष्णा, समीर कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## मामी पर चढ़ा प्यार का बुखार, दो दुधमुहे बच्चों को छोड़ भांजे के साथ हुई फरार

**लोयाबाद में रिश्ता हुआ शर्मसार, पति नहीं था पसंद, मायके में कर चुकी थी जिक्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** रिश्ते को शर्मसार करने वाला एक मामला प्रकाश में आया है। रिश्ते में मामी लगने वाली एक महिला अपने दो दुधमुही बच्चियों को छोड़ भांजे के साथ फरार हो गई। बच्चों में एक की उम्र दो साल और दूसरी की तीन साल है। महिला और उसका भांजा पिछले 23 दिनों से लापता है। सभी जगहों पर तलाश की गई, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। इसके बाद लोयाबाद पुलिस ने मामले में कांड अंकित कर तलाश शुरू की तो भांजे से बंगाल में होने का सुराग मिलाष जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में बंगाल गई है। जानकारी के मुताबिक महिला का मायका लोयाबाद में है। उसकी शादी निचितपुर टाउनशिप में हुई थी। शादीशुदा जिंदगी में दो बेटियां जन्मी, लेकिन मामी को फिर से प्यार का बुखार चढ़ गया और अपने सगे भांजे को दिल दे बैठी। भांजा बंगाल में रहता है। अक्सर नाना और मामा से मिलने आया करता था। इसी बीच मामी और भांजे एक-दूसरे के करीब आ गए। दोनों में प्यार इस कदर बढ़ गया कि सामाजिक रिश्ते और दायरा लांघते हुए दोनों 23 नवंबर को घर से भाग गए। प्राथमिक पड़ताल में सामने आया है कि महिला को उसका पति पसंद नहीं था। वह हमेशा मायके में इसका जिक्र भी किया करती थी।

## बीसीसीएल प्रबंधन कर्मियों के साथ अपना रहा तानाशाही रवैया : नंदलाल



**भगतडीह (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र के विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में सोमवार को 13 दिन के बकाया वेतन की मांग पर कर्मियों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया। कर्मियों का हुजूम पूरे परियोजना क्षेत्र का भ्रमण कर वर्कशॉप गेट पर पहुंचा, जहां सभी की गई। इस दौरान प्रबंधन विरोधी नारेबाजी की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बीसीकेयू नेता नंदलाल महतो ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन कर्मियों के साथ तानाशाही रवैया अपना रही है। प्रबंधन द्वारा शुरू किए गए नई सैप प्रणाली के कारण कर्मियों को फरवरी महीने का 13 दिन के वेतन से वंचित होना पड़ा है। जबकि पूर्व में वरीय अधिकारियों ने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया था कि बकाया वेतन का भुगतान 45 दिन के अंदर कर दिया जाएगा। वहीं एटक के छोटू राम ने कहा कि प्रबंधन कर्मियों के बर्दाश्त करने की परीक्षा नहीं ले। कर्मियों की कमाई का पैसा कंपनी नहीं हड़प सकती है। जरूरत पड़ी तो पूरे बीसीसीएल में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मौके पर भूषण महतो, उमाशकर चौहान, अशोक राम, रतन घोष, दीपक कुमार, रवि शंकर, दिलीप कुमार पांडे, नरेश रविदास, वीरभद्र सिंह, बजरंगी कुमार, योगेश्वर महतो, राजू बाउरी, सरजू पंडित आदि थे।

## विधायक ढुल्लू महतो कोयला चोरी में खुद भी हैं लिप्त : जलेश्वर महतो



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा में गिरती विधि व्यवस्था व लगातार गोलीबारी की घटनाओं, अवैध कोयला, बालू की तस्करी को लेकर विधायक ढुल्लू महतो पर पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो सोमवार को हमलावर दिखे। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि ढुल्लू महतो गंभीर नहीं हैं। बाघमार में कानून व्यवस्था हो, क्षेत्र में विकास हो इससे कोई सरोकार नहीं है। सच्चाई यह है कि भाजपा या ढुल्लू महतो को बाघमारा की जनता से कोई सरोकार नहीं है। दोनों को सिर्फ नीजि स्वार्थ व लाभ की चिंता है। हम मांग करते हैं कि बेनीडीह गोलिकांड में पीड़ित के आश्रितों को 20-20 लाख रुपया मुआवदा मिले। भाजपाई केवल झूठ ही बोले हैं। विधायक भी उसी रास्ते पर हैं। उनपर खुद 50 केस दर्ज हैं। मेरे खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। मैंने शुरू से अवैध कोयला के खिलाफ आवाज उठाई है। ढुल्लू महतो अवैध कोयला या बालू सभी की तस्करी में लिप्त हैं। उनके कैंपस से कोयला रेड हुआ हैं। दरदा का कैंपस से कोयला रेड हुआ हैं। कोयला चोरी में वे पूरी तरह लिप्त हैं और दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। कानून व्यवस्था कायम रखना सिर्फ राज्य सरकार का ही जिम्दारी नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की भी है। गौरतलब है कि गत रविवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने प्रेस वार्ता कर बाघमारा में गिरती विधि व्यवस्था को लेकर पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो एवं कतरास के पूर्व बयाडा अध्यक्ष विजय झा सहित राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा था।

## दिव्यांगता सप्ताह के पांचवें दिन पहला कदम स्कूल में स्पोर्ट्स डे का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में दिव्यांगता सप्ताह के तहत सोमवार को पांचवे दिन स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो का मनोबल बढ़ाने जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, धनबाद डीसी संदीप सिंह की धर्मपत्नी शिवानी सिंह और बीसीसीएल सीएसआर से रुखसाना परवीन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने मोमेंटो देकर अतिथियों को सम्मानित किया। कहा, खेल से बच्चों का शारीरिक और खेल भावना का विकास होता है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## भारत की 62 फीसदी भूमि में जैविक पदार्थ 0.5 फीसदी से भी कम : ज्योत्सना



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्व मिट्टी दिवस पर अंबेडकर चौक से नेहरू पार्क तक रैली का आयोजन किया गया। सोमवार को ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सदगुरु जग्गी वासुदेव द्वारा शुरू की गई मिट्टी बचाओ अभियान के तहत स्थानीय सहयोगी पर्यावरणीय संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन एवं ईशा फाउंडेशन के वॉलिंटीयरो की ओर से सेव सॉयल का कार्यक्रम किया गया। हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को मिट्टी बचाने के लिए जागरूक किया गया। सरकारों को मिट्टी कैसे बचें योजना बनाकर उचित और मजबूत नीति के प्रस्ताव के लिए अपील की गई। ईशा फाउंडेशन की वॉलिंटर ज्योत्सना ने कहा हमारी मिट्टी बंजर होती जा रही है। अभी दुनिया की 52 फीसदी मिट्टी बंजर हो चुकी है। भारत की 62 फीसदी भूमि में जैविक पदार्थ 0.5 फीसदी से भी कम है, जबकि इसे कम से कम तीन से छह फीसदी तक होना चाहिए। वर्ल्ड ग्रीन लाइन के सचिव प्रीतिरंजन ने कहा कि अभी हर सेकेंड एक एकड़ भूमि बंजर हो रही है। वर्ष 2045 तक विश्व की जनसंख्या नौ अरब को पार कर जाएगी, लेकिन भोजन में 40 फीसदी तक की कमी आ जाएगी। अगर हम अभी मिट्टी को बचाने की ओर कदम उठाते हैं तो हम 15 से 20 वर्षों के अंदर मिट्टी को अच्छी स्थिति में ला सकते हैं। इस मौके पर ज्योत्सना मंडल, यज्ञ गोस्वामी, मल्लिका महतो, संगीता, हरे कृष्णा, विजेंद्र, अमृत बाउरी, राजेश बाउरी, भागवत प्रसाद, प्रीति रंजन आदि थे।

## आज से कसमार अंचल में जन जागरण अभियान, 20 को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष किसान सभा का प्रदर्शन



**कसमार (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय किसान सभा कसमार अंचल कमेटी की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड केदार महतो ने की। वहीं, बैठक में उपस्थित बोकारो जिला किसान सभा के जिला अध्यक्ष कॉमरेड शकुर अंसारी ने कहा कि कृषि एवं किसान संकट में हैं। बैठक में सर्वसम्मति से 20 दिसंबर को प्रखंड मुख्यालय में जन प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार से कसमार अंचल के विभिन्न गांवों व टोलों में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। मौके पर संतोष महतो, कपूरा देवी आदि थे।

## चिकित्सक के घर कार्य करने वाली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के धर्मनगर निवासी 16 वर्षीय सोनम कुमारी (काल्पनिक नाम) की सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह धनबाद के धैया स्थित चिकित्सक अभिजीत कुमार उर्फ पिंटू के आवास पर कार्य करती थी। उसके मौत की सूचना परिजनों को चिकित्सक ने ही दी। बाद में शव को उसकी मां को सौंप दिया गया। पर शव पर जख्म के निशान देख परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई, तो मामले की सूचना झरिया पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। उधर, मृतका की मां ने चिकित्सक अभिजीत पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की मां नीला देवी ने बिलखते हुए बताया कि उसकी बेटी पिछले दो माह से डॉ अभिजीत के घर पर काम कर रही थी। आज डॉक्टर साहब का फोन आया कि इस माह का पगार ले जाइए। वहां पहुंचने पर बेटी से मिलने की इच्छा जताई तो उन्होंने अपने चालक को बेटी से मिलवाने को कह बाइक पर साथ भेज दिया। चालक ने बाइक धनबाद पूजा टाकीज के समीप रोक दिया। वहां पहले से खड़े एक एम्बुलेंस में उसकी बेटी मृत पड़ी हुई थी। मुझे बताया गया कि ज्यादा तबियत खराब होने से उसकी मौत हुई है। जिसके बाद मुझे और बेटी के शव को झरिया भेज दिया गया। यहां जब स्थानीय लोग व परिजनों ने उसके शव को देखा तो उसके हाथ और गले में चोट के निशान दिखे। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। वहीं मामले की जानकारी प्राप्त होते ही झरिया थाना प्रभारी पंकज झा दल बल के साथ मृतका के आवास पहुंचे। जहां परिजनों ने चिकित्सक पर बेटी के साथ अपने घर में मारपीट कर जान से मारकर एंबुलेंस से झरिया भेजने का आरोप लगाया है। फिलहाल झरिया पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## धैया में शिव मंदिर प्रांगण में मिला नवजात शिशु का शव, मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धैया खटाल रोड सांब सदा शिव आश्रम शिव मंदिर में सोमवार को एक नवजात शिशु का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। लोगों में तरह-तरह की बातें शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी। खबर पाते ही सदर थाने की टीम मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में मंदिर के पुजारी बसंत पांडे ने बताया कि इस दिन सुबह-सुबह मंदिर का गेट खोल कर साफ-सफाई कर रहे थे। सोमवार का दिन होने के कारण भगवान शिव पर धतूरा का फल चढ़ाने के लिए मंदिर के दाईं ओर देखा तो एक लाल कपड़े में शिशु का अंग दिख रहा था। जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

### लाल कपड़े में मिला शव

बाद में लोगों में पूरे मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस दी। पुलिस ने आकर जब लाल कपड़े को हटाया तो उसमें से एक शिशु का शव बरामद हुआ। श्रद्धालु अरविंद कुमार ने बताया कि सुबह मंदिर के पास भीड़ देखा। मंदिर में प्रवेश करने के बाद एक लाल कपड़े में शिशु का शव पाया गया। जिसके बाद इस बच्चे की पहचान के लिए कई लोगों से चर्चा की गई लेकिन यह बच्चा बिल्कुल अज्ञात और अनजान है। आखिरकार मंदिर प्रांगण में तुलसी पौधे के नीचे नवजात शिशु को इस ठंड में क्यों रखा गया है। वहीं सदर थाना पुलिस के अधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि यहां के स्थानीय लोगों ने पुलिस की सूचना दी। आकर देखा तो नवजात शिशु का शव लाल कपड़े में लपेटकर शिव मंदिर के प्रांगण के तुलसी पौधे के नीचे रखा गया है। इसकी जांच जारी है। फिलहाल पूरे मामले की छानबीन जारी है। बच्चे के परिजनों की भी तलाश की जा रही है।

## व्यवसायी गोलीकांड में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

**महुदा (आजाद सिपाही)।** कतरास थाना क्षेत्र के कतरास बाजार स्थित मार्बल व्यवसायी दिनेश कुमार भगत पर बीते दिन नकाबपोस अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े गोली चला कर फरार होने के बाद ॉपुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए पूरी तरह सक्रिय दिख रही है। घटना के बाद से संदेह के आधार पर कई जगहों पर छापामारी कर सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रविवार की रात महुदा थाना क्षेत्र स्थित पाडेडीह लालबंगलो से एक युवक सहित बिना नंबर प्लेट एक बाइक को दबोचा। साथ ही अलग-अलग जगहों से छह अन्य को भी पकड़ कर उसकी पूछताछ कर रीह है। बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू ने कहा कि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई हैं। संदेह के आधार पर कुछ लोगों को पूछ-ताछ के लिए हिरासत में लिया गया हैं। अपरादियों को पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी। कोई नहीं बचेगा।

जेकेकेआर विद्यालय पहुंची शिक्षा विभाग की अवर सचिव, किया निरीक्षण

## शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए काफी मेहनत की है जरूरत: सरोजनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



कक्षा में पहुंच कर छात्र-छात्राओं से बातें करती शिक्षा विभाग की अवर सचिव सरोजनी सिंह।

**चिरकुंडा।** पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सोमवार को शिक्षा विभाग की अवर सचिव सरोजनी सिंह निरसा प्रखंड के चिरकुंडा तालडांगा स्थित युगल किशोर राम रक्षपाल (जेकेकेआर) विद्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया। उनके विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक किशोर कुमार मिश्रा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस क्रम में अवर सचिव ने लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, साफ सफाई, पेयजल, विद्यालय भवन की स्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति आदि की जांच की। कक्षा में जाकर बच्चों से पठन-पाठन एवं सामान्य ज्ञान (जीके), संस्कृत व हिंदी से संबंधित प्रश्न पूछा जिसका उत्तर छात्र-छात्राओं ने दिया। प्रधानाध्यापक के कक्ष में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से परिचय प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक किशोर कुमार मिश्रा ने अवर सचिव को बताया कि शिक्षकों की भारी कमी है। विद्यालय में कुल 1626 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं और शिक्षकों की संख्या काफी कम है। इस पर अवर सचिव ने शिक्षकों की संख्या बढ़ाये जाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालय के पठन-पाठन के स्तर में और अधिक गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जैसे शिक्षक होंगे वैसे ही विद्यार्थी होंगे। सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए काफी मेहनत करने की जरुरत है। इसी सुधार के लिए वह धनबाद जिले के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर रही हैं। इसी को लेकर वह प्रत्यक्ष रूप से शिक्षा के स्तर, बच्चों व शिक्षकों की समस्याएं, अभिभावकों के विचारों से अवगत होना चाहती हैं। इस मौके पर संजय कुमार पांडे, विजय कुमार सिंह, डॉक्टर सुधाकर गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार, अनिक बसु और रहमत मुर्तजा आदि उपस्थित थे।

## कार्यालय नगर निगम हजारीबाग

**आम सूचना**

नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 1470 दिनांक 15.03.2016 के आलोक में नगर निगम हजारीबाग की ओर से शहर को स्वच्छ एवं साफ बनाने के संकल्प के साथ लोगो से अपील है कि अपने घरो एवं दुकानों में डस्टबीन रखे एवं संग्रहित कूडा नगर निगम हजारीबाग के रिक्शा/वाहन में दें। घरों में निर्मित डस्टबीन का प्रयोग करें।

नगर निगम हजारीबाग अन्तर्गत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत खुले में शौच, पेशाब, कचडा, आम रास्ता, सरकारी जमीन में अतिक्रमण करना दंडनीय अपराध है ऐसा करते हुए पकडे जाने पर निम्नलिखित दण्ड का प्रावधान है।

| क्रं. सं. | वर्ग | जुर्माना की राशि |
|---|---|---|
| 1 | आवासीय भवन द्वारा खुले में कचडा फेंकने पर | 100/- |
| 2 | दुकान द्वारा कचडा खुले में फेंकने पर | 1000/- |
| 3 | होटल मालिक द्वारा खुले में कचडा फेंकने पर | 2000/- |
| 4 | औधोगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचडा फेंकने पर | 5000/- |
| 5 | हलवाई चाट, फास्ट-फुड, आइसक्रीम गन्ने का रस, सब्जी, फल आदि ठेला व्यवसायी पर खुले में कचडा फेंकने पर | 100/- |
| 6 | सार्वजनिक स्थल पर पेशाब करने पर | 100/- |
| 7 | खुले में शौच करने पर | 500/- |
| 8 | निजी ट्रैक्टर द्वारा कचडा, गोबर, मलबा, इत्यादि परिवहन करते हुए सडकों पर सामग्री बिखरने एवं गंदगी | 1000/- |
| 9 | अपने मकान का गंदा पानी का निकासी आम सडकों पर करने पर | 5000/- |
| 10 | खाली, सरकारी जमीन, आम रास्ता एवं मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुता, भेड, उँट, गधा, घोडा, सूअर आदि पालतू जानवरों से गंदगी फैलाने पर | 500/- |
| 11 | शादी-विवाह स्थलों के बाहर कचडा फैलाने पर | 5000/- |
| 12 | रेस्तरां मालिको द्वारा खुला में कचडा डालने पर | 2000/- |
| 13 | गोबर सार्वजनिक स्थल पर डालने पर | 1000/- |
| 14 | निजी मकान दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री, ईंट, सिमेंन्ट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर | 1000/- |
| 15 | सरकारी भवनों, चौराहों एवं शहर चारदिवारों की दीवारों एवं उनके गेटो पर निजी वाणिज्यक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें, ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने एवं बैनर लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गए व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर) | 2000/- |
| 16 | बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर | 5000/- |
| 17 | अपने व्यवसाय स्थल पर कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित दुकानदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नही रखने पर | 2000/- |
| 18 | दुकानदार अथवा ठेला व्यवसायिक द्वारा सडक पर बैठकर स्कूटर एवं साईकिल रिपेयरिंग कर ऑयल, मिट्टी, एवं पानी फैलाकर गंदगी करने पर | 1000/- |
| 19 | मिट की दुकानदारों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गए जानवरों की हड्डियां, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गी के पंख अण्डों के छिलके आदि इत्यादि सडक/आम रास्तों पर डालकर गंदगी फैलाने पर | 2000/- |
| 20 | आम रास्ते सडक पर खुले में या टैंट लगाकर खुले आम मांस- मछली पकाने व अंश सडक पर डालने व गंदगी फैलाने पर | 2000/- |
| 21 | सार्वजनिक स्थान, जमीन एवं सडक के किनारे बैठकर सब्जियाँ बेचकर छिलके एवं अंश सडक पर डालने एवं गन्दगी फैलाने पर | 100/- |
| 22 | हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता, सडक पर गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर | 100/- |
| 23 | दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता सडक अथवा दुकानों के सामने की खाली, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर | 5000/- |
| 24 | आम रास्ता, सडक फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर | 5000/- |
| 25 | प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लिनिक, दवाखाना इत्यादि आम रास्ता, सडक, फुटपाथ पर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर | 2000/- |
| 26 | जलाशयों में गंदा पानी,अथवा मैला बहाने पर | 5000/- |

नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 284247 Urban Development and Housing(22-23).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# सीएम नवीन पटनायक ने एफआइएच ओड़िशा हॉकी पुरुष वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी दौरे की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की को ट्रॉफी सौंपने के साथ ही एफआइएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 का ट्रॉफी दौरा सोमवार को भुवनेश्वर में आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। ट्रॉफी दौरे की शानदार सफलता की कामना करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पुरुष हॉकी विश्व कप ट्रॉफी टूर या परिक्रमा पूरे भारत में विश्व कप के लिए उत्साह पैदा करेगी। इसमें हम 16 टीमों के 16 मैचों का आयोजन करेंगे, जो भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यकीन है कि यह खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए एक यादगार विश्व कप होगा।




इस अवसर पर खेल एवं युवा सेवा मंत्री तुषार कांति बेहेरा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, आयुक्त सह सचिव आर विनील कृष्णा, कार्यकारी निदेशक हॉकी इंडिया श्रीवास्तव सहित अधिकारी एवं हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे। इस ट्रॉफी 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा करेगी। विजेता टीम के लेने से पहले ट्रॉफी प्रशंसकों और जनता तक पहुंच सकती है। यह 5 दिसंबर से 25 दिसंबर तक राज्य का दौरा करेगी। अगले 21 दिनों में, ट्रॉफी पश्चिम बंगाल, मणिपुर, असम, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ राज्यों में जायेगी। हॉकी पुरुष विश्व कप ट्रॉफी भारत दौरे के बाद ओडिशा लौटकर राज्य के सभी जिलों का दौरा करेगी। ट्रॉफी सुंदरगड के उन 17 ब्लॉकों का भी दौरा करेगी जो हॉकी का जन्मभूमि के लिए प्रसिद्ध हैं। दौरे का आखिरी चरण राउरकेला में होगा और अंत में भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में वापसी होगी, जहां फाइनल 29 जनवरी 2023 को खेला जायेगा।

# किस फाउंडेशन ने टीबी मुक्त मिशन के तहत कंधमाल जिले को लिया गोद

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कंधमाल सांसद अच्युत सामंत ने मरीजों को 'खाद्य टोकरी' वितरित की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। किस फाउंडेशन 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' में शामिल हो गया है। कंधमाल लोकसभा सांसद एवं किस फाउंडेशन के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत जिले को टीबी मुक्त करने के प्रयासों से पूरे कंधमाल जिले को गोद ले लिया है।

सोमवार को प्रो अच्युत सामंत ने टीबी के मरीजों के लिए 'फूड बास्केट' वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। भोजन की टोकरी में वयस्क रोगियों के लिए 3 किलो अनाज और बाजरा शामिल थे। बच्चों के लिए 2 किलो अनाज और बाजरा, वयस्कों और बच्चों के लिए क्रमशः 1.5 किग्रा और 1 किग्रा दाल; वयस्कों और बच्चों के लिए 250 ग्राम और 150 ग्राम सब्जियों का खाना पकाने का तेल और वयस्कों और बच्चों के लिए क्रमशः 1 किलो और 750 ग्राम मूंगफली थे। पहले चरण में, फुलबानी में 6 ब्लॉक और बालीगुडा में अन्य 6 ब्लॉक में 39 बच्चों सहित 606 टीबी रोगियों के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया। पोषाहार का वितरण हर महीने किया जायेगा। किस फाउंडेशन हर महीने 5 लाख रुपये खर्च करेगा और अगले छह महीनों के लिए लगभग 40 लाख रुपये खर्च करेगा।

प्रो अच्युत सामंत ने कहा कि टोकरी वितरित करने का उद्देश्य रोगियों की पोषण संबंधी आवश्यकता को पूरा करना है क्योंकि रोगियों को स्वस्थ करने के लिए केवल दवाई ही काफी नहीं है। कंधमाल के कलेक्टर आशीष ईश्वर पाटिल ने जिले को गोद लेने की किस फाउंडेशन की ऐतिहासिक पहल की सराहना की और कहा कि समर्थन 2025 के लक्षित वर्ष तक देश भर से बीमारी को खत्म करने के भारत सरकार के मिशन में तेजी लायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ अभय पटनायक भी उपस्थित थे।

# वेदांता ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ बातचीत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव के इस अवसर पर वेदांता ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने ओड़िशा के तत्वावधान में ओड़िशा की प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ बातचीत की। बांसुरी वादक पद्मविभूषण हरिप्रसाद चौरसिया की अध्यक्षता में पहला बैठक में 8 पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता और विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, नृत्य, संगीत, साहित्य, खेल आदि के क्षेत्र में 11 शीर्ष हस्तियां शामिल थीं। ओड़िशा के विकास, प्रगति और समृद्धि में वेदांता और इसके संस्थापक अनिल अग्रवाल के योगदान की सराहना करते हुए राज्य के प्रसिद्ध टेक्नोक्रेट डॉ दामोदर आचार्य पूर्व निदेशक आइआइटी और एआइसीटीइ ने बताया था कि श्री अग्रवाल द्वारा प्रस्तावित डिजिटल विश्वविद्यालय ओड़िशा न केवल राज्य में, बल्कि पूरे देश में शिक्षा के भविष्य के मार्ग की शुरुआत करेगा। डिजिटल विश्वविद्यालय छात्रों को राज्य के कोने-कोने से दाखिला लेने में सक्षम बनायेगा और उन्हें विश्व दरबार में एक्सपोजर मिलेगा। यह विदेश के छात्रों के साथ आदान-प्रदान का एक मंच भी होगा।

यह एक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय होगा, छात्र आबादी का हिस्सा विदेश से होगा। विश्वविद्यालय न सिर्फ पढ़ाई का खर्च सस्ता करेगा, बल्कि देश-विदेश में प्लेसमेंट के भी दरवाजे खोलेगा। डॉ दामोदर आचार्य ने भी अनिल अग्रवाल को इस तरह के अनूठे योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने राहुल शर्मा सीइओ-एल्युमिनियम बिजनेस वेदांता लिमिटेड और टीके चांद राज्य के एक प्रसिद्ध उद्योग पेशेवर और अध्यक्ष वेदांता एल्युमिनियम, को मेक इन ओडिशा में -2022 इस अवसर पर इस तरह के सार्थक इंटरैक्शन शुरू करने के अभियान के लिए दिल से धन्यवाद दिया।



## कटक एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता

# 1.33 करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त, 2 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ ने दो निशा तस्करों को गिरफ्तार कर एक किलो से अधिक ब्राउन शुगर जब्त की है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को कटक जिले के बांकी थाना क्षेत्र के अंसुपा झील के पास ब्राउन शुगर की बड़े पैमाने पर डिलिंग की सूचना मिली थी। हालांकि कटक जिला पुलिस की मदद से भुवनेश्वर एसटीएफ ने उक्त जगह पर छापा मारा। एसटीएफ ने मौके से अंगुल जिले के चेंडीपड़ा थाना क्षेत्र के दो नशा तस्कर जुमेश कुमार साहू और कटक जिले के आठगड़ थाना क्षेत्र के हेमंत कुमार प्रधान को गिरफ्तार कर एक किलो 335 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक कार और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किया है। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत एक करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एसटीएफ ने केस नंबर 29/22 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# पारादीप से गति शक्ति कार्गो टर्मिनल के तहत पहले रैक का किया गया परिवहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधान मंत्री के गति शक्ति के दृष्टिकोण के अनुसरण में रेल मंत्रालय ने रेल कार्गो को संभालने के लिए अतिरिक्त शर्तों के सुधार में उद्योग से निवेश को बढ़ावा देने के लिए गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) लॉन्च किया। गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) निजी खिलाड़ियों द्वारा विकसित किये जा रहे हैं और रेल कार्गो को संभालने के लिए गैर-रेलवे जमीन पर या पूरी तरह से/आंशिक रूप से रेलवे जमीन पर विकसित किएयेजा सकते हैं। गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की प्रमुख विशेषताएं एक सरलीकृत आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया, त्वरित और परेशानी मुक्त अनुमोदन, विभागीय शुल्क को हटाना और कनेक्टिविटी के लिए उपयोग की जाने वाली रेलवे जमीन पर कोई जमीन लाइसेंस शुल्क नहीं है। जीसीटी नीति रेलवे कार्गो यातायात के विकास में तेजी लाने के लिए नए कार्गो टर्मिनलों के प्रसार को बढ़ावा देना और मौजूदा कार्गो टर्मिनलों में सुधार करना चाहती है। जीसीटी के तहत कोयला और कोक सहित सभी प्रकार की वस्तुओं का परिवहन किया जा सकता है। गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल के अधीन पहला रेक मेसर्स इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (इफको) द्वारा जीसीसीपी साइडिंग से लोड किया गया। पारादीप से 3774 टन उर्वरक का परिवहन नकहा जंगल, उत्तर प्रदेश में किया गया।

रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के तहत पारादीप से वस्तुओं के परिवहन की पहल के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को बधाई दी।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**